

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 20 अप्रैल 2024 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-022 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112







## संक्षेप

### त्रिपाठी नियुक्त हुए देश के नए नौसेना प्रमुख

**नई दिल्ली,20 अप्रैल.** वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के नए नौसेना प्रमुख होंगे. वर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने पर 30 अप्रैल को वह नया पदभार संभालेंगे. सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल त्रिपाठी वर्तमान में नौसेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं और एडमिरल कुमार के पद छोड़ने पर वह नौसेना में सबसे वरिष्ठ अधिकारी होंगे. सरकार ने उन्हें नौसेना में शीर्ष पद पर नियुक्त करते समय वरिष्ठता क्रम का अनुपालन किया.



### राजधानी में वृद्धा की गला काटकर हत्या

**रायपुर,20 अप्रैल.** राजधानी के रामनगर इलाके में एक बुजुर्ग महिला की गला काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई है. इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. इसकी सूचना मिलते ही एफएसएल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है. मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के रामनगर चौकी इलाके का है. मिली जानकारी के अनुसार, मृतका 70 वर्षीय फेकन बाई साहू अपने नाती के साथ रहती थी. शुक्रवार देर रात अज्ञात हत्यारे ने वृद्धा को मौत के घाट उतार दिया. महिला की हत्या क्यों की गई अब तक इसका कारण पता नहीं चल पाया है. हालांकि, मामले में पुलिस ने एक संदेही को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है.

### शराब पीने पत्नी से मांगे पैसे, नहीं देने पर पिया जहर

**धमतरी,20 अप्रैल.** शराब पीने पत्नी से पैसे की मांग की जब पत्नी ने पैसे देने से इंकार किया तो आक्रोशित होकर अधेड़ पत्नी से विवाद करते हुये घर से बाहर निकल गया. जहर पीकर बेसुध पड़ा था, जिसे फिर अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. पूरा मामला यह मामला रुद्री थाना क्षेत्र के ग्राम गंगरेल से सामने आया जहां रहने वाला अधेड़ व्यक्ति कामता प्रसाद यादव जिसे शराब का आदि बताया गया है. वह शराब पीने के बाद अपने घर पहुंचा और अपनी पत्नी से और शराब पीने पैसो की मांग की.पत्नी के पास पैसे नहीं होने से उसने पैसे देने से इंकार कर दिया. इस बात से अधेड़ बिफर पड़ा था और पत्नी से विवाद करने के साथ उसके साथ गाली गलौज करने लगा.

## महानदी हादसाः सभी 7 लोगों के शव बरामद



**ओडिशा /रायगढ़ 20 अप्रैल.** उड़ीसा के रेंगाली थाना इलाके के शर्धा महानदी घाट में हुए हादसे में अब तक सात लोगों की मौत हो गई है। बता दे कि बीते कल यानी शुक्रवार को उड़ीसा के झारसागुड़ा इलाक़े से नाव पलटने की खबर सामने आई थी,इस हादसे में एक महिला की मौत हुईं थी,वहीं छह लोग लापता बताए जा रहे थे..जिसकी पुलीस और गोताखोर की टीम तलाश कर रही थी। बताया जा रहा है कि पुलीस और गोताखोरों की टीम ने नदी में डूबे 6 और लोगों की शव को बरामद कर लिया है, जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के कोतरलिया में एक ग्रामीण के घर खरसिया से तक़रीबन 50 लोग पहुंचे थे,जहां से सभी लोग पिकअप और कार में सवार होकर शर्धा पथरसेनी मन्दिर जाने के लिए निकले थे,उसी दौरान उड़ीसा के पचगांव के आगे करीब 70 लोग नाव में सवार होकर नदी पार कर रहे थेज तभी अचानक नाव नदी में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी, चीखपुकार मच गई थी। इस हादसे में नदी में डूबे ज्यादातर लोग तैरकर बाहर आ गए,जबकि सात लोग नदी में डूब गए जिनकी शव बरामद कर लिए गए है। जानकारी के सभी मृतक एक ही गांव अंजोरीपाली, खरसिया के बताए जा रहे जिसमें महिला और बच्चे भी शामिल है। इस हादसे के बाद पुरे इलाके में मातम पसर गया है।

## अमित शाह 21 अप्रैल को पहुंचेंगे रायपुर

**रायपुर,20 अप्रैल.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 21 अप्रैल को अपने छत्तीसगढ़ प्रवास में देर शाम रायपुर पहुंचेंगे। वे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश संगठन के नेताओं के साथ कलस्टर के प्रभारियों, लोकसभा के प्रभारियों, संयोजको और सह संयोजकों की बैठक लेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा, अरुण साव और अन्य मंत्री भी शामिल होंगे। बैठक में लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण में शामिल सीटों पर बीजेपी की जीत के लिए चुनावी चर्चा तो होगी ही, साथ ही कांकेर में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ के बारे में चर्चा कर पूरे मामले की जानकारी लेंगे। अमित शाह रात को ठाकरे परिसर में ही रुकेंगे। इसके बाद दूसरे दिन 22 अप्रैल को 12 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा कांकेर जाकर वहां पर दोपहर 1 बजे सभा लेंगे। सभा के बाद वापस रायपुर आकर यहां से विशेष विमान द्वारा महाराष्ट्र के लिए रवाना होंगे।



## दुर्ग में 25 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत

**दुर्ग,20 अप्रैल.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए प्राप्त नामांकनों की संवीक्षा की। नामांकन जमा करने के अंतिम दिवस तक संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 29 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे एवं 27 अभ्यार्थियों ने नामांकन जमा किए। जिनमें श्याम सुन्दर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, विजय बघेल भारतीय जनता पार्टी, राजेन्द्र साहू इंडियन नेशनल काँग्रेस, डा. हरिशचन्द्र साहू निर्दलीय.

## मोदी भ्रष्टाचार की पाठशाला चला रहे हैं : राहुल

**नई दिल्ली,20 अप्रैल.**कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा और उन पर 'भ्रष्टाचार की पाठशाला' चलाने का आरोप लगाया। वायनाड से चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी ने कहा जैसे छापे मारकर चंदा कैसे इकट्ठा किया जाता है चंदा लेकर ठेके कैसे बांटे जाते हैं भ्रष्ट लोगों को धोने वाली वॉशिंग मशीन कैसे काम करती है एजेंसियों को रिकवरी एजेंट बनाकर 'जमानत और जेल' का खेल कैसे चलता है÷ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा 'भ्रष्टाचारियों का अड्डा' बन गई है, उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने अपने नेताओं के लिए ''यह 'क्रैश कोर्स' अनिवार्य कर दिया है, जिसकी कीमत देश चुका रहा है।'' उन्होंने कहा, इंडिया ब्लॉक की सरकार भ्रष्टाचार की इस पाठशाला पर ताला लगा देगी और इस पाठ्यक्रम को हमेशा के लिए बंद कर देगी। गांधी का यह हमला पीएम मोदी को 'भ्रष्टाचार का चैंपियन' कहने और चुनावी बांड को 'दुनिया की सबसे बड़ी जबरन वसूली योजना' करार देने के कुछ दिनों बाद आया है। गांधी ने प्रेस संवाददाता में कहा यह चुनाव एक वैचारिक चुनाव है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा हैं जो देश के संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं और दूसरी तरफ भारत ब्लॉक है जो संविधान की रक्षा और बचाव कर रहा है। और लोकतांत्रिक व्यवस्था,'' गांधी ने कहा, जिसमें बुधवार को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव भी शामिल हुए। इस सप्ताह की शुरुआत में समाचार एजेंसी एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि चुनावी बांड का उद्देश्य काले धन पर अंकुश लगाना है। पीएम मोदी ने कहा था मैं यह कभी नहीं कहता कि निर्णय लेने में कोई कमी नहीं है। हम चर्चा करके सीखते हैं और सुधार करते हैं।' इसमें भी सुधार की काफी गुंजाइश है. लेकिन आज हमने देश को पूरी तरह से काले धन की ओर धकेल दिया है, इसलिए मैं कहता हूं कि हर किसी को इसका पछतावा होगा। जब वे ईमानदारी से सोचेंगे, तो सभी को पछतावा होगा।

### अशोका बिरयानी मामलाः पीड़ित परिवारों को प्रबंधन ने दिया 45 लाख का मुआवजा

**रायपुर,20 अप्रैल.**राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र के लाभांडी में संचालित अशोका बिरयानी सेंटर के गटर साफ करने के दौरान दो कर्मचारियों की मौत के दूसरे दिन जमकर हंगामा हुआ। स्वजनों ने होटल के दरवाजे पर दोनों लाशें रखकर नारेबाजी की। वहीं रात करीब नौ बजे विधायक मोतीलाल साहू भी धरने पर बैठ गए। विरोध के बाद देर रात तेलीबांधा पुलिस ने अशोका बिरयानी सेंटर प्रबंधन पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया। वहीं पीड़ित परिजनों से मिलने गृहमंत्री विजय शर्मा भी पहुंचे, इसके साथ ही परिजनों को मुआवजा देने पर स्वीकृत हुई, इसके बाद शव को ले जाया गया।

## केसरिया हुआ डीडी का लोगो, छिड़ा विवाद

**नई दिल्ली,20 अप्रैल.**स्वायत्त सार्वजनिक प्रसारक, दूरदर्शन ने अपने लोगो को एक अलग भगवा (या नारंगी) रंग में बदल दिया है, जिसकी विपक्षी खेमे में आलोचना हो रही है। दूरदर्शन के अंग्रेजी समाचार चैनल डीडी न्यूज ने हाल ही में एक्स पर एक नया प्रमोशनल वीडियो साझा करते हुए अपने नए लोगो का खुलासा किया। कैप्शन में लिखा कि हमारे मूल्य वही हैं, अब हम एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। एक ऐसी समाचार यात्रा के लिए तैयार हो जाइए जो पहले कभी नहीं देखी गई... बिल्कुल नए डीडी न्यूज़ का अनुभव लें। यह लोगो 16 अप्रैल, 2024 को लागू हुआ, जिसने पिछले लाल वाले को बदल दिया। अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेजों के माध्यम से, डीडी न्यूज़ ने कहा कि उनके मूल्य वही रहेंगे और वे अब एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के




साथ रंग के जुड़ाव को देखते हुए चैनल के 'भगवाकरण' को लेकर विपक्ष और मीडिया विशेषज्ञों ने आलोचना की। जवाहर सरकार, जो 2012 से 2016 तक प्रसार भारती के सीईओ थे और वर्तमान में तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य हैं, ने इसे ÷भगवाकरण÷ का दूसरा रूप बताया और प्रसार भारती को ÷प्रचार भारती कहा। सोशल मीडिया पर भी इसकी खूब चर्चा हो रही है। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने आलोचना को खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा कि रंग नारंगी है। छह से सात महीने पहले, हमने जी20 से पहले डीडी इंडिया लोगो को उसी रंग में बदल दिया था। इस प्रकार, एक ही समूह के दो समाचार चैनल अब एक ही दृश्य सौंदर्य का पालन करते हैं। उन्होंने कहा, डीडी नेशनल का लोगो, जो अंग्रेजी और हिंदी में सामान्य मनोरंजन और समाचार कार्यक्रम प्रसारित करता है, को भी पिछले साल अपडेट कर भगवा/नारंगी और नीला कर दिया गया था। उन्होंने दावा किया कि केवल लोगो का रंग ही नहीं, हमने अपने उपकरण और स्टूडियो को भी फिर से तैयार किया है। दूरदर्शन ने 15 सितंबर, 1959 को सार्वजनिक सेवा प्रसारण में एक मामूली प्रयोग के साथ शुरुआत की। यह प्रयोग 1965 में एक सेवा बन गया जब दूरदर्शन नई दिल्ली और उसके आसपास के लिविंग रूम में टेलीविजन सेट तक पहुंच गया। 1975 तक सेवाओं को मुंबई, अमृतसर और सात अन्य शहरों तक बढ़ा दिया गया।

## जैसे अमेठी से भागना पड़ा, आप मान के चलिए वो वायनाड भी छोड़ेंगेः मोदी

**नई दिल्ली,20 अप्रैल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भविष्यवाणी की कि कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी को उनके संसदीय क्षेत्र वायनाड से खदेड़ दिया जाएगा और पार्टी को उनके लिए एक और सुरक्षित सीट ढूंढनी होगी। महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक रैली में पीएम नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि राहुल को बीजेपी नेता स्मृति ईरानी ने अमेठी से भगा दिया था। पीएम ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे, उन्हें भी वायनाड में संकट दिख रहा है...जैसे अमेठी से भागना पड़ा, आप मान के चलिए वो वायनाड भी छोड़ेंगे। मोदी ने कहा कि केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने कांग्रेस नेता पर ऐसी



भाषा बोली है जिसका इस्तेमाल मैं भी उनके लिए नहीं करता। मुझे यकीन है कि वायनाड में मतदान पूरा होने के बाद कांग्रेस अपने शहजादा के लिए एक और सुरक्षित सीट की तलाश करेगी। पीएम मोदी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में देश की जनता ने बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को एकजुट होकर वोट दिया। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक के साझेदार 25 प्रतिशत सीटों के लिए एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर अभी यह स्थिति है, तो चुनाव के बाद वे क्या करेंगे कांग्रेस ने अभी तक अमेठी और रायबरेली के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। राहुल गांधी 2019 में अपने परिवार का गढ़ अमेठी स्मृति ईरानी से हार गए। इस साल की शुरुआत में, उनकी मां सोनिया गांधी ने रायबरेली सीट खाली कर दी और राज्यसभा में चली गईं। मोदी ने कहा कि पहली बार, परिवार उस निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार को वोट नहीं देगा जहां वे रहते हैं क्योंकि वहां कोई पार्टी उम्मीदवार नहीं है।

## ट्रक ने खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर,4 की मौत

**मैनपुरी,20 अप्रैल.** मैनपुरी के भोगांव में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 24 लोगों के घायल होने की सूचना है। बताया गया है कि ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। ट्रॉली में महिलाएं और पुरुष सवार थे जो नामकरण संस्कार से शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में ये हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है।

कन्नौज के थाना छिबरामऊ क्षेत्र में स्थित गांव कुंवरपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री की थाना बिछ्वां के गांव बेलधारा में शादी हुई है। उनकी पुत्री ने 10 दिन पहले पुत्र को जन्म दिया था। शुक्रवार को उसका नामकरण संस्कार था। वीरेंद्र सिंह अपने परिवारीजनों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से गांव बेलधारा गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर वापस घर लौट रहे थे। भोगांव क्षेत्र में द्वारकापुर के पास ट्रैक्टर की लाइट खराब हो गई। चालक ने ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और लाइट की मरम्मत करने लगा। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई।

## चांद के कुछ हिस्सों पर चीन ठोंक सकता है अपना दावा

**बीजिंग,20 अप्रैल.** नासा के प्रमुख ने अंतरिक्ष में चीन की सैन्य उपस्थिति को लेकर ऐसा खुलासा किया है जिससे दुनिया में खलबली मच गई है। नाना ने कहा है कि बीजिंग अपने सैन्य उद्देश्यों को छिपाने के लिए अपने नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रमों का उपयोग कर रहा है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कैपिटल हिल में अमेरिकी सांसदों से कहा कि चीन ने विशेष रूप से पिछले 10 वर्षों में असाधारण प्रगति की है, लेकिन वे बहुत ही गोपनीय हैं। द गार्जियन ने नेल्सन के हवाले से कहा कि हम मानते हैं कि उनका अधिकांश तथाकथित नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम एक सैन्य कार्यक्रम है। और मुझे लगता है, वास्तव में हम एक रेस में हैं। नासा प्रमुख ने खतरे की जानकारी देते हुए वॉशिंगटन को सतर्क रहने की भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि चीन को होश आएगा और वह समझेगा कि नागरिक स्थान शांतिपूर्ण उपयोग के लिए है। नेल्सन ने कहा कि हमने चीन द्वारा प्रदर्शित ऐसा प्रदर्शन नहीं देखा है। नेल्सन ने वर्ष 2025 के लिए नासा के बजट के संबंध में हाउस विनियोग समिति के समक्ष गवाही देते हुए ये टिप्पणी की। उन्होंने यह भी कहा कि चीन से पहले अमेरिका को फिर से चंद्रमा पर उतरने की जरूरत है।




**एक नजर**

## 51 लाख रुपए मूल्य के गहने की लूट की घटना को अंजाम दिया

**भिलाई, 20 अप्रैल।** भिलाई केंद्रीय जेल दुर्ग से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किए गए कैदी अनुपम झा को कुछ आरोपी बंदूक दिखाकर भगा ले गए थे, उस डकैत व बदमाश अनुपम झा को पकड़ने में बिहार पुलिस को सफलता मिली है मुजफ्फरपुर पुलिस ने ज्वेलरी शॉप में



दुकानदार एवं ग्राहक को बंधक बनाकर लगभग 51 लाख रुपए मूल्य के ज्वेलरी की लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी अनुपम झा को मुजफ्फरपुर बिहार पुलिस ने गिरफ्तार किया है दुर्ग से फरार हुए आरोपी अनुपम झा को मुजफ्फरपुर में लूट की घटना के बाद मुजफ्फरपुर के एसएसपी राकेश कुमार के निर्देश पर टीम ने गिरफ्तार किया है अब दुर्ग की पुलिस टीम उससे पूछताछ के लिए मुजफ्फरपुर जा सकती है डकैती और हत्या के मामले में जेल से जिला अस्पताल उपचार कराने आये कुख्यात आरोपी अनुपम झा को दो बदमाशों ने हथियार के दम पर छुड़ा ले गए थे। 14 नवंबर 2023 की रात को जिला अस्पताल से फरार हुए आरोपियों को जिले की पुलिस अब तक पकड़ नहीं पाई थी। हालांकि इसके लिए थाना कोतवाली से दो विशेष टीम बनाकर बिहार, उड़ीसा, कोलकाता, उत्तर प्रदेश भेजी गई थी फरार आरोपी अनुपम झा निवासी वैशाली बिहार ने अमलेश्वर थाना क्षेत्र के समृध्दि ज्वेलर्स के मालिक को गोली मारकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था इस मामले में पुलिस में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा था जिला जेल में बंद आरोपी अनुपम कुमार झा को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती किया गया था। इस दौरान दो नकाबपोश बदमाश हथियार लेकर अस्पताल पहुंचे मरीजों के सामने कैदी की सुरक्षा में तैनात जवानों को डरा- धमका कर अनुपम को अपने साथ ले गए थे

रिमांड पर लेकर आरोपी को लाया जाएगा - दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि दुर्ग से फरार हुए आरोपी अनुपम झा को बिहार पुलिस ने लूट के एक मामले में गुरुवार को गिरफ्तार किया है। दुर्ग से पुलिस की एक टीम मुजफ्फरपुर भेजी गई है। वह पूछताछ करने के बाद कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट लेकर रिमांड पर आरोपी को दुर्ग लाएगी ।

## सड़क दुर्घटना महिला की मौत

**भिलाई, 20 अप्रैल।** भिलाई स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र दिन-दहाड़े तेज रफ्तार हाइवा ने एक्टिवा को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में सास की मौके पर ही मौत हो गई घटना के बाद सास की मौत से बहू सदमें में चली गई पुलिस हाइवा को जब्त कर चालक की तलाश कर रही है पुलिस ने बताया कि मदर टेरेसा नगर कैम्प-1 निवासी गणेसिया बाई (50 वर्ष) अपनी बहू किरण के साथ एक्टिवा में शादी कार्यक्रम में गए थे वापस लौटते समय घर लौट रहे थे तभी जुनवानी के पास तेज रफ्तार से आ रही हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया घटना से गणेसिया की मौत हो गई हादसे से बहू सदमे में है सूचना पर एबुलेंस मौके पर पहुंचकर दोनों को सुपेला अस्पताल ले आई गणेसिया के शव को मरच्युरी में रखवा दिया है बताया जाता है कि मृतका के दो बेटे हैं एक बेटे का हाल ही में शादी हुई है ।

## नवजात शिशु मामले में अपराध दर्ज

**भिलाई, 20 अप्रैल।** भिलाई एक माह पूर्व होली त्योहार के दिन राहगीर को अविकसित नवजात का शव मिला था इस मामले में जामुल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है पुलिस ने बताया कि मामले रिपोर्ट में वार्ड 1 जामुल निवासी परदेशी राम गोड़ ने की थी 25 मार्च की दोपहर करीब 1 बजे शमशान के पास से गुजर रहा था उस दौरान शमशान भूमि की बाउण्ड्री पास एक अविकसित नवजात का शव दिखाई दिया उसे छोटा सा गढ्ढा खोदकर दफनाया गया था लेकिन उसे जानवरों ने खोदकर बाहर निकाल लिया था प्रार्थी की सूचना पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए सुपेला मरच्युरी भेज दिया इस मामले में करीब महीने बाद पीएम रिपोर्ट आई, जिससे यह बात सिध्द हो गई कि किसी महिला ने लोकलाज के भय से अविकसित नवजात को शमशान के पास गड्ढा खोदकर दफना दिया होगा। इस प्रकरण में पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के बाद अज्ञात के खिलाफ धारा 318 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## दुर्ग जिले के लिए नियुक्त निर्वाचन प्रेक्षक पहुंचे

**भिलाई, 20 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए दुर्ग जिले में सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। निर्वाचन प्रेक्षक दुर्ग पहुंच गये है। जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन प्रेक्षकों को संपर्क मोबाईल नंबर उपलब्ध करायी गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्टी आईआरएस का मोबाईल नंबर 7647046173 है। पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा आईपीएस का मोबाईल नंबर 7647046209 है। सामान्य प्रेक्षक एस.बी. शेट्टन्नवर आईएएस का मोबाईल नंबर 7647046210 है एवं लताकर श्रीकेश बालाजीराव आईएएस का मोबाईल नंबर 7647046325 है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा आम जनता प्रेक्षकगणों से उनके मोबाईल नंबर पर सीधे संपर्क कर सकते हैं।

## केंद्र की भाजपा सरकार ने बढ़ाई बेहताशा मंहगाई: भोला राम साहू

**राजनांदगांव।** लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को प्रचंड मतों से जीत दिलाने के लिए खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोरातराई,थैंलीटोला, जादूटोला, बिटाल सहित आदि ग्रामों में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया। इस दौरान श्री साहू ने भाजपा की सरकार पर जमकर भड़ास निकाली। विधायक भोला राम साहू ने बढ़ती महगाई का जिम्मेदार सीधे तौर केंद्र की सरकार को बताया है।

# दुर्ग लोकसभा के लिए कुल 27 लोगों ने दाखिल किया नामांकन

### 22 अप्रैल तक नाम वापसी

**भिलाई, 20 अप्रैल।** नक्सली इलाकों को छोड़कर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र सहित छग के सभी लोकसभा चुनाव के लिए आगामी 7 मई को मतदान होना है। इसके लिए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लडने के लिए 19 अप्रैल को अंतिम तिथि के तीन बजे तक कांग्रेस के राजेन्द्र साहू, भाजपा के विजय बघेल, निर्दलीय अली हुसैन सिद्दीकी सहित कुल 27 लोगों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। 20 अप्रैल को अब तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों की जांच एवं स्कूटनी की जाएगी और आगामी 22 अप्रैल तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते है। अब 22 अप्रैल को ही वास्तविक आंकड़े पता चल पायेंगे कि इस बार दुर्ग लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य क्षेत्रीय



पार्टियों के अलावा कितने लोग चुनाव मैदान में हैं । तृतीय चरण के अंतर्गत नामांकन जमा करने के अंतिम दिवस संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 8 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किये। जिसमें शीतकरण महिलवार आजाद समाज पार्टी, विकास शर्मा लोकशाही एकता पार्टी, भागबली सिवारे निर्दलीय, संतोष कुमार मारकण्डे निर्दलीय, ध्रुव कुमार सोनी निर्दलीय, हरिशचंद ठाकुर निर्दलीय, मनोज ध्रुव छत्तीसगढ़ विकास गंगा पार्टी और प्रदीप टाईटस इंडिया प्रजाबंधु पार्टी शामिल है। अब तक 27 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किये।



## बीएसपी के कर्मचारियों ने सुरक्षा पर आयोजित स्पर्धा में जीते 12 पुरस्कार

**भिलाई, 20 अप्रैल।** राष्ट्रीय स्तर पर इस्पात उद्योग में सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए गठित संयुक्त समिति (जेसीएसएसआई) द्वारा आयोजित, वार्षिक प्रतियोगिता में सुरक्षा पर आधारित कैलेण्डर डिजाइन, पोस्टर तथा निबंध के विजेताओं को कार्यकारी कार्यपालक निदेशक पी के सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने 31 में से 12 पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक पी आर भल्ला और महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल ने भी विजेताओं को सम्मानित किया। पी के सरकार ने अपने उद्बोधन में सुरक्षा पर आधारित जेसीएसएसआई की वार्षिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई दी और कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना ही इस्पात उद्योग में सुरक्षित उत्पादन की कुंजी है। जब हमारे संयंत्र के कर्मचारी सुरक्षा पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं और जीतते हैं, तो यह न केवल संगठन को गौरवान्वित करता है बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरित करता है। विजेताओं को अपने साथियों को भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। पी के सरकार ने विजेताओं से बातचीत की और उनके सुझाव भी नोट किये। पी आर भल्ला ने अपने संबोधन में विजेताओं को बधाई देते हुए उनसे अपने कार्यस्थल और संयंत्र के आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा के लिए रोल मॉडल बनने की अपील की। भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने 31 में से 12 पुरस्कार प्राप्त किया। इन विजेताओं में एसीटी प्रभु चरण जेना, सीनियर टेक्नीशियन प्रकाश कुमार कौशिक, एम लोको ऑपरेटर उमाकांत ठाकुर, सहायक महाप्रबंधक जया तिवारी, ओसीटी रंजन गोस्वामी, सीनियर ओसीटी सुश्री रश्मि नायक, मास्टर ओसीटी सुशांत बुलदेव, सीनियर लोको ऑपरेटर हरीश कुमार गोंड, एसीटी प्रभु चरण जेना, सीनियर टेक्नीशियन प्रकाश कुमार कौशिक, ओसीटी सुश्री प्रियंका राज गुप्ता, ओसीटी सतीश कुमार भारद्वाज शामिल है। संचालन सहायक महाप्रबंधक शोवन घोष और कनिष्ठ अधिकारी जनार्दन राव द्वारा किया गया।

# सेल बना ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट चैंपियन



भिलाई, 20 अप्रैल। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा 15 से 18 अप्रैल तक भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट - 2024 जीतने का गौरव हासिल किया है। इससे पहले हाल ही में एआईपीएसएससीबी द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित आल इंडिया पब्लिक सेक्टर हॉकी टूर्नामेंट में भी भारतीय खाद्य निगम को हराकर सेल चैंपियन बनकर उभरा था। सेल ने ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट में ऑयल इंडिया को (3-0) से हराकर, इस टूर्नामेंट का चैंपियन का खिताब हासिल किया। इस टूर्नामेंट में कुल नौ पब्लिक सेक्टर यानि सेल, एलआईसी, बीएसएनएल, कोल इंडिया, निवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन, ऑयल इंडिया, ईएसआईसी, बीएचईएल और नाल्को ने भाग लिया। सेल द्वारा लगातार जीती गई ट्रॉफियां, खेल और एथलेटिक प्रतिभाओं को व्यवस्थित रूप से बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने के प्रति कंपनी के निरंतर समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। कंपनी देश की उभरती खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर कई खेल अकादमियों को चलाती और उनका संचालन करती है। कंपनी खेल के बुनियादी ढांचे को विकसित करने और प्रतिभाओं को निखारने के अलावा खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करने के लिए अपने संयंत्रों और इकाइयों में अंतर सेल खेल चैंपियनशिप भी आयोजित करती है। इसके अलावा, सेल स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड (एसपीएसबी) के तत्वावधान में सेल पूरे वर्ष विभिन्न खेल और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है।

## निर्वाचन व्यय की सतत मॉनिटरिंग एवं रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने निर्देश



**भिलाई, 20 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिकृत व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनशेट्टी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा टीम की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सम्मलित हुई। व्यय प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्त गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाये। जिले के विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, पाटन, साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ के लिए अलग-अलग सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम नियुक्त किया गया है। बैठक में व्यय प्रेक्षक प्रसन्नाने निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समितियों व्यय निगरानी सेल, लेखा टीम, फ्लाईंग स्क्वायड, स्थैतिक निगरानी दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, व्यय लेखा, वीडियो अवलोकन दल आदि के विषय में जानकारी ली। उन्होंने आचार संहिता के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले व्यय की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी के व्यय अनुवीक्षण के लिए विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए गठित टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करें। व्यय कार्यों के लिए गठित टीम व्यय के रिकार्ड मेंटेन करते हुए डेली रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एकाउंटिंग टीम प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। एसएसटी, एफएसटी, वीवीटी और वीएसटी की टीम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली।

## भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकली शोभायात्रा

**भिलाई, 20 अप्रैल।** भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर आज 20 अप्रैल को प्रातः सभी जैन मंदिरों में 6ः30 बजे मंगल अभिषेक के पश्चात श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 से भव्य शोभा यात्रा मोटरबाइक और कर छोटा हाथी एवं वाहन और काफिले के साथ भगवान महावीर स्वामी जी की झांकी और जैन ध्वज के साथ निकली। जिसमें जैन भवन सेक्टर 6 में मुकेश जैन द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात 7ः30 बजे श्री त्रिवेणी जयंती सेक्टर 6 से प्रारंभ होते हुए गायत्री मंदिर रोड से डी पी एस चौकरिसाली 8ः00 बजे रा बांदा बांदा जैन मंदिर के सामने में रोड से पंथी चौक होते हुए मोहनलाल बाकलीवाल ब्रिज सेक्टर 7 और 8 के बीच से होते हुए सूर्या मॉल के बाजू से जुनवानी रोड होते हुए अवंती बाई चौक से वैशाली नगर जैन मंदिर के पास से एवं श्वेतांबर जैन मंदिर के पास होते हुए मौर्य चंद्र टॉकीज के सामने जी रोड से साक्षरता चौक के बाजू से पावर हाउस से सेक्टर वन चौक से सेंट्रल एवेन्यू क्षेत्र से वापस जैन भवन सेक्टर 6 आयी। रात्रि 7ः30 बजे जैन महिला क्लब और प्रगति महिला मंडल की सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजन किया गया है।

## सकल जैन समाज की वाहन रैली का विधायक सेन ने किया अभिनंदन

**भिलाई नगर, 20 अप्रैल।** सकल जैन समाज द्वारा आज सुबह साढ़े 7 बजे सेक्टर-6 से श्री 1008 भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत वाहन रैली निकाली गई जो कि रिसाली, रूआबांधा, नेहरू नगर, जुनवानी, सुपेला होते हुए वैशाली नगर से हाउसिंग बोर्ड, पावर हाऊस, सेक्टर-1 से सेक्टर-6 पहुंच कर सम्पन्न हुई। इस



रैली में दिगंबर और श्वेताम्बर समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। लगभग 60 चार पहिया और तीन सौ दो पहिया वाहन पर सवार लोगों ने रैली के माध्यम से भगवान महावीर के जियो और जीने दो तथा अहिंसा परमो धर्मः संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। वैशाली नगर जैन मंदिर जीरो रोड शांति नगर में विधायक रिकेश सेन ने सुबह साढ़े 9 बजे वाहन रैली का अभिनंदन किया। इस दौरान अरविंद जैन, कथोड़मल जैन, किशोर जैन, क्षितिज जैन, विनोद जैन, प्रमोद जैन, हरीश जैन, आलोक जैन, अंकित जैन, प्रमेंद्र जैन, मुकेश जैन, मनोज जैन, प्रदीप जैन, तोषी जैन, ममता जैन, प्रियंका जैन, शालू जैन, पूनम जैन, कोमल, रजनी जैन, खुश्बू जैन, मीना, प्रमिला जैन, रचिता जैन, बीना जैन, कृष्णा जैन सहित सैकड़ों की संख्या में सकल जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

# फ्रेंडली फुटबॉल मैच खेल कर दिया मतदान अवश्य करने का संदेश

**भिलाई, 20 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में भिलाई के सेक्टर 02 फुटबॉल मैदान में 18 अप्रैल की संध्या 7 बजे फ्रेंडली फुटबॉल मैच आयोजित की गई।5 मतदाता जागरूकता के अंतर्गत फ्लड लाइट में खेले गए रोमांचक मैच में आईजी, एसपी, भिलाई व दुर्ग निगम आयुक्त, जिला पंचायत सीईओ को मैदान में सधे हुए खिलाड़ियों की तरह खेलता देख दर्शकों ने तालियां से उनका उत्साहवर्धन करते रहे। मैच के समाप्ति पर कलेक्टर ने टीम के कप्तान तथा सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं नगर निगम



भिलाई के सहयोग से सेक्टर 02 राजेश पटेल स्मृति फुटबॉल मैदान में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत एक दिवसीय फ्रेंडली फुटबॉल मैच मतदान के नाम खेला गया। मैच का शुभारंभ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने फुटबॉल पर किक मार कर किए। इसके पूर्व उन्होंने मैदान के बीच में कतार में खड़े भिलाई निगम अधिकारी इलेवन एवं जिला प्रशासन अधिकारी इलेवन के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस किये। 20 मिनट तक मैदान में फुटबॉल लेकर दोनों टीम एक दूसरे को छकाते रहे और पहला गोल जिला प्रशासन की टीम ने किया तो मैदान के चारों ओर बैठे दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। मैच में आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, आयुक्त निगम भिलाई देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी मैदान में जिस तरह से खेल रहे थे, उसे देख कर दर्शक दीर्घा में बैठे अधिकारी-कर्मचारी तथा नागरिकों ने प्रशंसा में ताली बजाकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किये। दूसरा मैच बीएमवाय चरौदा एवं अधिकारी इलेवन के बीच खेला गया। कार्यक्रम को सफल बनाने नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारी के साथ ही सहायक संचालक खेल युवा कल्याण विभाग दुर्ग के कोच तथा रेफरी, जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रहे।

# कवर्धा वनमंडल में वन्यप्राणी व अग्नि सुरक्षा, रात्रि गश्त करने तथा अवैध अतिक्रमण रोकने किये जा रहे प्रयास

**कवर्धा, 20 अप्रैल।** वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, ने बताया कि कवर्धा वनमंडल अंतर्गत वन्यप्राणी सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, रात्रि गश्त, अवैध अतिक्रमण एवं वन क्षेत्र सुरक्षा को लेकर भरसक प्रयास किये जा रहे है। वनों की सुरक्षा एवं संवर्धन के लिए वनक्षेत्र के क्षेत्रीय कर्मचारियो को रात्रि गश्त के लिए आधुनिक उपकरण जैसेः- स्मार्ट स्टीक , एल.ई.डी. हैण्ड टार्च, बैटरी टार्च, हैड लैंप, प्लास्टि राड (लाठी) और जंगल जूते वितरीत किये गये है, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए क्षेत्रीय कर्मचारियों के द्वारा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सके। इन उपकरणों का प्रयोग कर क्षेत्रीय कर्मचारी एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकेंगे। प्रदाय किए गए सभी



उपकरणों में से स्मार्ट स्टिक अत्यधिक कारण है जो की विशेष रूप से पैदल गस्ती के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा के विशेष योगदान देगा । यह स्मार्ट जिला पोर्टेबल है एवं स्टेट में एलईडी लाइट भी लगे हुए हैं जिनका उपयोग रात्रि के समय टॉर्च के रूप में एवं रात्रि में विश्राम स्थल पर उसकी लाइट बढ़ा कर भी किया जा सकता है इसके साथ ही यदि कोई वन्य प्राणी अत्यधिक निकट आ जावे या आक्रमण करने की स्थिति में निकट आ जावे तो स्टिक से का करंट का झटका भी वन्य प्राणी को दिया जा सकता है जिससे कि डर कर दूर भाग जाएगा एवं वन्य प्राणी एवं कर्मचारी दोनो सुरक्षित रहेंगे। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपकरण साबित होगा साथ ही वन क्षेत्र में ट्रैकिंग का शौक रखने वाले भी इस उपकरण का उपयोग कर सकते हैंअन्य उपकरण जैसे हेडलैंप, जंगल जूते आदि भी कर्मचारियों को पैदल गस्ती करने में अत्यधिक सहूलियत प्रदान करेंगे इन उपकरणों के प्राप्त हो जाने से हमारे मैदानी अमले का अत्यधिक उत्साहवर्धन हुआ है और वह इसका उपयोग कर अपने वन क्षेत्र में भ्रमण करते हुए नजर आ रहे हैं। जिससे वन क्षेत्र में वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा की दिशा में विभाग सुदृढ़ हो रहा है।

## जिले में 197 मतदाताओं ने होम वोटिंग से अपने मताधिकार का किया प्रयोग

**राजनांदगांव, 20 अप्रैल ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि जिले में 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को 20 मतदान दल द्वारा होम वोटिंग के लिए पात्र मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान कराया गया।

# लोकसभा चुनाव में लगेंगे 300 वाहन, सभी होंगे जीपीएस से लैस

**कवर्धा, 20 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य कराने के लिए मतदान दलों और सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए लगभग 300 वाहन की जरूरत पड़ रही है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कबीरधाम जिले में लोकसभा निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित सभी शासकीय एवं निजी वाहनों की जीपीएस मशीन के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन एवं कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर अधिग्रहित सभी वाहनों में जीपीएस लगाई जा रही है। सभी वाहनों में जीपीएस लगाने के बाद परिवहन विभाग की सॉफ्टवेयर से लिंक की जाएगी। इस सॉफ्टवेयर और जीपीएस की मदद से मतदान दलों की कृषि उपज मंडी स्थित मतदान रवानी के स्थल से लेकर उन्हें मतदान केन्द्र पहुंच तक मॉनिटरिंग की जाएगी। लोकसभा निर्वाचन कार्य में लगे सभी 804 मतदान दलों के लिए मतगणना समाग्री स्थल एवं रवानगी स्थल कवर्धा स्थित नवीन कृषि उपज मंडी परिसर को मतदान दल रवानगी स्थल बनाया गया है। यहां से 25 अप्रैल



को सुबह मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। कबीरधाम जिले के 804 मतदान दलों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपादित कराने के लिए उनके मतदान केन्द्रों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए लगभग 300 वाहनों के अधिग्रहण की कार्यवाही पूरी कर ली गई है। 804 मतदान दलों के लिए 187 रूट चार्ट भी तैयार कर लिए गए है, जिसमें कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के लिए 97 रूट और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को मतदान केन्द्र पहुंचाने के लिए 90 रूट चिन्हांकित कर सुगम, सुरक्षा की दृष्टि से तैयार कर लिया गया है। निर्वाचन 2024 का कार्य संपादित कराने के लिए लगभग तीन सौ वाहन की जरूरत पड़ सकती है। इस लिहाज से भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में सभी वाहनों को अधिग्रहण कर लिया गया है। कबीरधाम जिले के अंतर्गत कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य कराने के लिए 75 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्त की गई है। जिसमें पंडरिया में 37 सेक्टर अधिकारी और कवर्धा में 38 सेक्टर अधिकारी है। इन सभी 75 सेक्टर अधिकारियों के लिए 85 छोटी वाहन को अधिग्रहण किया गया है। जिसमें 23 शासकीय वाहन और 62 निजी वाहन है। 10 वाहनों को रिजर्व रखा जाएगा। इन भी वाहनों में स्कर्पियां सूमो, बूलेरो, सहित अन्य छोटी वाहन शामिल है। इसी प्रकार मतदान दलों के लिए 215 बस को अधिग्रहण की कार्यवाही की जा चुकी है, जिसमें 20 बस को रिजर्व रखा जाएगा।

सेक्टर सहित मतदान दलों के सभी वाहनों में लगेगी जीपीएस- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जमेजय महोबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में मतदान दलों और सेक्टर अधिकारियें के लिए अधिग्रहित सभी वाहनों मे जीपीएस लगाई जाएगी। जीपीएस लगाने के लिए परिवहन अधिकारी को नोडल बनाया गया है। सभी वाहनों में जीपीएस लगाने की कार्यवाही अंतिम चरणों में लगभग पूरी हो गई हैं। मतदान दल रवानगी से लेकर उनके मतदान केन्द्र पहुंच तक जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा सकेंगी साथ ही अगर कोई वाहन खराब होने की वहज से रास्ते में रूक जाती है तो इसकी जानकारी भी मिल सकेगी, जिसमें

## एक नजर

### शारीरिक शोषण का आरोप

नगरी,,20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)। पीड़िता के मुताबिक सागर निवासी युवक टीचर साहू पिता धूल साहू उम्र 24 वर्ष जो की संकरण निवासी है हम दोनों एक दूसरे को कक्षा नवी से एक दूसरे को जानते हैं और इस दौरान हमारी बातचीत मोबाइल के माध्यम होती इस दौरान युवा टिकट साहू द्वारा मुझसे शादी करने का प्रभाव प्रलोभन देकर मेरे साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाते रहा वह मेरा शोषण करने लगा कुछ समय पर साथ अचानक युवक ने बात करना बंद कर दिया तथा 2 महीने बाद एक दिन अचानक मैंने इंस्टाग्राम स्टोरी में देखा की टिकट साहू की सगाई हो गई है यह देखकर मैं टिकेश्वर साहू के घर पहुंची युवा घर पर नहीं मिला उसके दादा-दादी दीदी और उसकी मम्मी घर पर थी मैंने उनको सारी बात बताई तथा कहा कि टिकट साहू द्वारा घर में मेरे बारे में शादी की बात की गई है कि नहीं इस बात पर उनके दादा-दादी द्वारा करने की धमकी देकर गाली गलौज करते हुए घर से निकाल दिया इसके बाद 12 4.2024 को सिहावा थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत की गई

### महावीर जयंती पर 21 अप्रैल को मटन मार्केट बंद रहेगा

राजनांदगांव ,20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)। राज्य शासन के निर्देशानुसार जैनों के 24वें तीर्थंकर अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण दिवस पर्व के उपलक्ष्य में 21 अप्रैल 2024 दिन रविवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### भाजपा ने चुनावी समर को फतह करने अंतिम क्षणों की रणनीति बनाई

राजनांदगाँव,20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी, पूरे संसदीय क्षेत्र में पार्टी के कार्यकर्ता मंडलों, शक्ति केंद्रों से लेकर मतदान केंद्रों तक टिड्डी दल की भांति छा गये हैं, प्रथम चरण के मतदाता पर्ची के वितरण के बाद दूसरे चरण की मतदाता पर्ची बाटने की अंतिम तैयारी चल रही हैं। पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मोदी गारंटी का विवरण दे रहें हैं कि किस तरह पार्टी ने दस वर्षों तक गरीबों व मध्यम वर्ग के लिए कार्य किया। आज दोपहर पार्टी के लोकसभा कार्यालय महाजन बाड़ी में राजनांदगाँव



उत्तर, दक्षिण व ग्रामीण मण्डल के शक्ति केंद्र प्रभारियों की अलग-अलग बैठक हुई, उक्त तीनों बैठकें में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, विधानसभा चुनाव संचालक संतोष अग्रवाल, कार्यालय प्रभारी सावन वर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमें मतदान के लिए बचे अंतिम पाँच दिनों की कार्य योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर इन बचे दिनों के लिए कारगर रणनीति बनाई गई। प्रत्येक मतदान केंद्र में उपस्थित रहने वाले कार्यकर्ताओं के नाम निर्धारित कर उन्हे आवश्यक दस्तावेज सौपा गया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान प्रमुख रूप से ग्रामीण मण्डल के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, दक्षिण मण्डल के अध्यक्ष तरुण लहरवानी, उत्तर मण्डल के अध्यक्ष अतुल रायजादा, लीलाधर साहू, कृष्णा तिवारी, हर्ष रामटेके, सरस्वती यादव, ऋषि देव चौधरी, सुमित भाटिया, हकीम खान, प्रशांत गुप्ता, अशोकादित्य उपस्थित थे।

### भूषण साहू का निधन



राजनांदगांव समीपस्थल ग्राम भोथीपार खुर्द पुराना पारा के निवासी भूषण साहू निधन अल्प आयु 44 वर्ष निधन हार्ट अटैक आने से हो गया जिसका शोक यात्रा मुक्ति धाम में बड़ी जनसंख्या में लोग पहुंचे शोकसभा में पूर्व जनपद योगेन्द्र दास वैष्णव सरपंच प्रतिनिधि केशव हिरवानी पूर्व सरपंच सुरेश कुमार साहू पूर्व उपसरपंच गोपाल साहू उपसरपंच अशोक साहू शिक्षक महेश्वर प्रसाद साहू सहित आस-पास लोग बड़ी जनसंख्या में शोक सभा पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित किया

# रातों-रात लाखों की सरकारी जमीन पर कब्जा कैसे किया जाता है, देखें ग्राम राजा खुज्जी में

- राजा खुज्जी में भ्रष्टाचार की बानगी देखिए लोगों को कैसे दिग्भ्रमित किया जा रहा

डोंगरगांव,20 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़



सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार डोंगरगांव तहसील से लगे राजा खुज्जी में ग्राम पंचायत के नजदीक मेन रोड से लगे सरकारी जमीन पर जो पहले पूर्व में सरकारी अस्पताल के बाउंड्री के अंदर आता था वहां बनाया गया परिसर और उस परिसर को शुरुआती दौर पर कहा गया कि यह पंचायत के द्वारा बनाया जा रहा है साथ ही यह भी कहा गया कि यह पहले से ही किसी व्यक्ति के नाम से बुक है ताकि लोग इसके बुकिंग या किसी अन्य विषय में चर्चा या जानकारी ना लें जबकि पंचायत परिसर बनने के पहले किसी व्यक्ति के नाम से परिसर बुक होना संदेह के घेरे में आता है उसी दौरान खुज्जी सचिव से बात करने पर सचिव ने इस विषय पर जानकारी नहीं होना और जानकारी लेकर इसके बारे में विस्तार से बताया जाना कहा गया इसलिए गांव के व्यक्तियों द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया गया समझा गया कि ये पंचायत का परिसर निर्माण हो रहा है करके लेकिन जब तेज गति से इसका निर्माण किया गया मात्र 15 से 20 दिनों में परिसर कॉम्प्लेक्स में छत ढलाई भी कर दी गई काम की इतनी हड़बड़ी होते देख साथ ही परिसर के बारे में अफवाह फैलते ही ग्रामीण लोगो के द्वारा जानकारी जुटाने के दौरान लोगों को यह पता चला की यह सरकारी जमीन पर अतिक्रमण है। और इसको राजा खुज्जी की जनता को गुमराह कर के बनाया गया है साथ ही स्थानीय पत्रकारों को भी इस बात की भनक नहीं लगने दी गई कि अतिक्रमण करके इस परिसर को बनाया गया।

और इस खेल की मंशा आप इसी से समझ सकते हैं की कुछ दिन यह पंचायत का परिसर है कहते हुए बनाया गया और अब ग्राम के व्यक्ति के द्वारा यह कहा जा रहा है कि यह मेरे द्वारा निर्मित है ,इस विषय पर पंचायत में ये बात भी सूत्रों से पता चली है की इसके पीछे किसी रणनीतिकार का हाथ होना भी सामने आया है यहां ये बात गौर करने वाली है क्योंकि ऐन आचार संहिता पर 15 से 20 दिनों के अंदर निर्माण को इतनी जल्दी कर देना क्युकी सभी संबंधित अधिकारी और शासन प्रशासन चुनाव में व्यस्त रहते है जब तक जानकारी उन तक पहुंच पाएगी निर्माण पूरा हो जाएगा और फिर इसे तोड़ना थोड़ा मुस्किल होगा साथ ही और लोगों तक सही जानकारी न पहुंचने देना यह भी संदेह के घेरे में आता है।

**खुज्जी की जनता समझती रही की पंचायत का परिसर है अतिक्रमणकारी ने मिलीभगत कर सरकारी जमीन पर लगाई सेंध**-सरकारी जगह पर अगर कोई अतिक्रमण करता है तो सबसे पहले पंचायत सरपंच उसे नोटिस भेजता है लेकिन इस मामले में भी पंचायत में सचिव,सरपंच द्वारा अतिक्रमणकारी को नोटिस भेजा गया काम रोकने को लेकिन उसने कोई तत्परता नहीं दिखाई।पंचायत द्वारा इस विषय में गांव में कोई मुनियादी नही करवाई गई और अवैध कॉम्प्लेक्स में कोई नोटिस भी चस्पा नही किया गया है। सचिव से बात करने पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि पंचायत द्वारा नोटिस जारी किया गया है और अतिक्रमण हटाने के लिए लिखित में दिया गया है साथ ही सचिव ने कहा है अगर ये पंचायत का परिसर बन रहा है तो पहले काम रोक दो और पंचायत से अनुमोदन करने वालो करके लेकिन इस बात पे भी ध्यान नहीं दिया गया और सचिव द्वारा बताया गया की परिसर पंचायत के किसी भी मद से नहीं बन रहा है इसकी भी जानकारी दी गई है और बार-बार समझाने के बावजूद सरपंच द्वारा नोटिस भेजने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। यहां ध्यान देने योग्य बात ये है इतनी बड़ी हिम्मत पंचायत भवन के पास बिना किसी सपोर्ट के सरकारी जमीन पर कब्जा की कोई नही कर सकता। और ग्राम खुज्जी की सरपंच एक महिला है और लाखों रुपए की सरकारी जमीन पर कॉम्प्लेक्स परिसर बना कर रोड किनारे पर अतिक्रमण होने तक उन्हें इसकी जानकारी नहीं हुई ये कैसे हो सकता है इससे साफ है कि मामला गंभीर और पेचीदा है। क्युकी अतिक्रमण स्थल पंचायत से मात्र 30 कदम की दूरी पर है जहा सरपंच तथा सभी पंचायत सदस्यो का आना जाना बिलकुल लगा रहता है

**यहां एक बात ध्यान देने योग्य है कि अगर किसी व्यक्ति का 10 से 15 सालों से कहीं पर कब्जा है छोटा सा पान ठेला या दुकान अगर वह डाला हुआ है तो ये बात समझ आती है कि वह उस**- जगह पर अपनी दुकान वापस नए तौर पर बना रहा है यहां तो लाखो की सरकारी खाली जमीन पर ताबड़ तोड़ निर्माण 20 दिनों में कर पंचायत को जानकारी में रखते हुए निर्माण कराया गया इसमें यह तो हो ही नहीं सकता की पंचायत को इसकी जानकारी ना हो। पंचायती राज अधिनियम धारा 56 के तहत पंचायत चाहे तो अवैध निर्माण को तुड़वा सकती या स्टे लगवा सकती है लेकिन खुज्जी पंचायत ऐसा क्यों नहीं कर पा रही है यह सोचनीय विषय है। अगर खुज्जी पंचायत सामने होते अतिक्रमण को अवैध कब्जा होने से नही रोक पाएगी तो वह आम जनमानस को क्या संदेश दे रही है यही जनता कल जब जगह जगह घेर कर सरकारी जगह पर अपना आशियाना या दुकान बनाएंगे उसको किस मुंह से तोड़ने की छमता दिखाएगी या तोड़ेगी। लोगो द्वारा यही कहा जायेगा की उस परिसर को क्यों नहीं तोड़े? या कितने पैसों में बात हुई?अब हमारा क्यू तोड़ रहे हो?

आम जनमानस अगर कोई सरकारी जमीन पर कब्जा कर ले तो शासन द्वारा उस पर बुलडोजर की कार्रवाई हो जाती है अब देखना यह है कि शासन प्रशासन क्या इन पहुंचे हुए लोगों के खिलाफ सरकारी जमीन पर हुई अतिक्रमण को तुड़वाती है। या सिर्फ कानून का डंडा गरीब शोषित पिछड़े लोगों के लिए ही लागू होता है।

साथ ही लोगों को न्याय देने और भ्रष्टाचार मिटाने का संकल्प लेकर छत्तीसगढ़ में शासन में आई बीजेपी सरकार इस संदर्भ में कोई कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित करती है या यह भी उनका एक जुमला ही होगा। क्योंकि अंधी आंखें भी इसमें भ्रष्टाचार की बानगी तलाश लेगी। साथ ही डोंगरगांव के संबंधित अधिकारी इस विषय में कौन सी कार्यवाही करते हैं यह देखने वाली बात होगी ग्राम के कुछ लोगों द्वारा इस विषय को लेकर सीईओ,एसडीएम,कलेक्टर को ज्ञापन देने की बात कही गई है। ग्राम खुज्जी की जनता को इस विषय पर देखना यह है कि उनके उम्मीद के अनुसार शासन प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई करती है या मामले की गंभीरता को ना समझते हुए अवैध कॉम्प्लेक्स परिसर के उद्घाटन में मिठाई खाने खिलाने का इंतजार करती है।

## 102 वर्षीय मनोहर पटेल ने पहली बार किया होम वोटिंग

- मतदान अधिकारियों के घर पर आने की जानकारी मिलने पर मनोहर पटेल के चेहरे पर दिखा उत्साह
- पहले प्रत्येक निर्वाचनों में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी करते थे सुनिश्चित

राजनांदगांव ,20 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेन्दूनाला निवासी 102 वर्षीय श्री मनोहर पटेल ने होम वोटिंग के माध्यम से पहली बार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान कर अपना मताधिकार का उपयोग किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग की पहल सार्थक सिद्ध हो रही है, जिससे केन्द्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर बैठे ही वोट देने की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग के उद्देश्यों को परिलक्षित करते हुए जिले



में होम वोटिंग के लिए नियुक्त मतदान अधिकारियों द्वारा बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के घरों में जाकर मतदान कराया गया। मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई। श्री मनोहर पटेल को बढ़ती उम्र के कारण आंखो से दिखाई नहीं दे रहा था लेकिन मतदान अधिकारियों के घर पर आने की जानकारी मिलने पर उनके चेहरे में उत्साह दिखा। श्री पटेल पहले प्रत्येक निर्वाचनों में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करते थे। वहां उपस्थित लोगों ने बताया कि गांव में सबसे अधिक उम्रदराज के व्यक्ति हैं। श्री पटेल ने बताया कि परिजनों के सहयोग से पिछले विधानसभा निर्वाचन में मतदान केन्द्र में जाकर दिया था। सबसे पहले मतदान अधिकारियों द्वारा मतदाता श्री मनोहर पटेल को होम वोटिंग की प्रक्रिया के संबंध में पूरी जानकारी दी गई। श्री पटेल ने कहा वे पहली बार घर पर ही मतदान कर देश के लोकतंत्र में सहभागिता निभा रहे हैं। इससे पहले मतदान केन्द्र में जाकर वोट करते थे। श्री पटेल को आंखों से नहीं दिखाई देने के कारण मतदान करने के लिए नाती बहू ने सहयोग किया। पहले वे मतदान केन्द्र परिजनों के साथ जाकर वोट दिया करते थे। उन्होंने निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

## फिटनेस स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, तो वोट देश की मजबूती के लिए जरूरी

राजनांदगांव ,20 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

फिटनेस स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, तो वोट देश की मजबूती के लिए जरूरी है.... इसके मद्देनजर आज पुष्प वाटिका में सुबह स्वीप अंतर्गत फिट राजनांदगांव, फिट वोटर्स, गुड मार्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह सहित बड़ी संख्या में नागरिक इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। ऊर्जा एवं उत्साह के साथ जहां एक ओर युवाओं ने शिरकत की, तो वहीं महिलाएं एवं हर आयु वर्ग के नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। सभी ने विभिन्न गीतों पर व्यायाम एवं नृत्य किया तथा मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने का संकल्प लिया। जिंदगी में स्वस्थ रहने तथा खुश रहने के लिए लय, ताल एवं रिदम की जरूरत होती है एवं शारीरिक गतिविधियों की जरूरत होती है। एक ऐसा वक्त जब एक साथ बड़ी संख्या में नागरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ ही लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए चुनाव के इस पर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर अपना कर्तव्य निभाने तथा अपनी सहभागिता सुनिनिश्चत करने के लिए एकत्रित हुए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम सजग रहते हैं, उसी प्रकार स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान करना जरूरी है। उन्होंने सभी नागरिकों से 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की तथा अपने आस-पास, परिजनों एवं पड़ोसियों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बुशुबॉल, थेरा बैंड, हर्डल जम्प, जुंबा, म्यूजिकल डांस, एरोबिक्स जैसी गतिविधियों में सबने जमकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा काढ़ा वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा चना एवं मूंग तथा उद्यानिकी विभाग द्वारा फल, केला, अंगूर का वितरण किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल, उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री राजेश शर्मा, ई-जिला प्रबंधक श्री सौरभ मिश्रा, सहायक स्वीप नोडल श्री मनोज मरकाम, मैनेजर दिग्विजय स्टेडियम श्री रणविजय सिंह, योग प्रशिक्षक श्री हेमंत तिवारी सहित पीटीएस के नव आरक्षक, साई हास्टल एवं खेलो इंडिया के खिलाड़ी, अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेता संविधान के बारे में भ्रामक प्रचार बंद करें : खांडेकर

राजनांदगांव,20 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खांडेकर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा संविधान के बारे में जो भ्रामक दुष्प्रचार किया जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा तीसरे कार्यकाल में संविधान को बदलने की पूरी तैयारी है, बिल्कुल झूठा एवम बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि स्वयं प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संविधान को कभी भी बदला नहीं जा सकता, प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा है कि अगर स्वयं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर भी अगर संविधान को बदलना चाहे तो वह भी नहीं बदल सकते, क्योंकि संविधान भारत की आत्मा है।

## रेवाडीह, जी.ई. रोड, सहदेव नगर तथा कालोनी क्षेत्र का आयुक्त ने किया भ्रमण

राजनांदगांव ,20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज प्रातः शहर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण के तहत रेवाडीह व जी.ई.रोड में चल रहे विकास कार्य का जायजा लेकर माप दण्ड के अनुरूप निर्माण करने के निर्देश दिये। वही उन्होंने रेवाडीह में स्वावलंबन की दुकानों का अनुबंध व किराया जमा करने दुकानदारों को समझाईस दिये। आयुक्त श्री गुप्ता रेवाडीह में निर्माणाधीन मुक्तिधाम का निरीक्षण कर श्रद्धांजली हॉल, नाली, सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति पर कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने, तराई कराने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये। स्कान विहार कालोनी में विधायक निधि से स्वीकृत दो मंच निर्माण के शेष कार्य जल्द पूर्ण करने



कहा, ताकि मंच निर्माण होने से लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने डामरीकरण रोड निर्माण का जायजा लिया और आशा नगर के एप्रोज रोड सीमेंटीकरण कार्य को जल्द पूर्ण कराने को कहा, जिससे आशा नगर वासियों को आवागमन में परेशानी न हो। वही जी.ई.रोड के पास गोडवाना भवन विस्तार कार्य तथा वार्ड नं. 23 के विभिन्न गलियों में सीमेंटीकरण कार्य भी समय में पूर्ण कराने कहा। उन्होंने रेवाडीह स्कूल में मतदान केन्द्र देख पोलिंग बूथ के लिये बिजली पानी सहित आवश्यक व्यवस्था सूनिश्चित करने कहा। आयुक्त श्री गुप्ता रेवाडीह में स्कूल के पास व उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानो में जाकर दुकानदारों से चर्चा कर दुकानों का अनुबंध कराने तथा किराया जमा करने समझाईस देते हुये कहा कि अनुबंध के अभाव में दुकान निरस्त कर दिया जावेगा। उन्होंने दुकानो के सबंध में उपायुक्त श्री मोबिन अली से कहा कि निगम स्वामित्व एवं मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत निगम सीमांतर्गत निर्मित दुकानों में जिन दुकानों का अनुबंध नहीं हुआ है, उनका अनुबंध करावें तथा किराया जमा करावें। इसके अलावा जिन दुकानदारों का लंबे समय से दुकान किराया बाकी है, उन्हें नोटिस जारी कर किराया वसूली करे।

### नगर निगम के स्टार्ट अप समिट का आयोजन

रायपुर,20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)। नगर निगम रायपुर द्वारा स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने एवं रोजगार मूलक कार्यक्रमों से युवाओं को जोड़ने ÷स्टार्ट-अप समिट÷ का आयोजन किया गया, जिसमें युवा आंत्रप्रेन्योर ने अपने परिश्रम से तैयार किए गए व्यवसाय व संस्थागत गतिविधियों की जानकारी दी। इस समिट में नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा, इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय के सीईओ (स्टार्ट-अप) श्री हुलास पाठक, समन्वयक श्री अभिजीत शर्मा, रवि शंकर विश्वविद्यालय की समन्वयक डॉ. कविता ठाकुर, जोन कमिश्नर श्री अरूण ध्रुव, आर्किटेक्ट श्री मनीष पिल्लेवार, ने इन युवा उद्यमियों से बात की। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के साथ-साथ नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे। युवाओं ने नगर निगम द्वारा की गई इस पहल की सराहना की एवं विश्वास



जताया कि इन प्रयासों से युवाओं के कैरियर को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि नवाचारों से युवा अब अपने सपनों को ऊंची उड़ान दे रहे हैं, कठिन परिश्रम से अपने कैरियर को दिशा दे रहें युवाओं को स्टार्ट-अप से जुड़ने नगर निगम द्वारा आधारभूत सुविधाएं सुलभ कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं की प्रतिभा के बल पर अंचल में विकास गतिविधियों को दिशा देने के लिए नगर निगम द्वारा हर संभव सहायता दी जाएगी। इस अवसर पर समन्वयक डॉ. कविता ठाकुर ने भी संबोधित करते हुए युवाओं को प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए नगर निगम रायपुर की सराहना की। इस दौरान नगर निगम के अधीक्षण अभियंता श्री राजेश शर्मा, जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा, श्री विमल शर्मा, श्री रमेश जायसवाल, श्री जसदेव बांबरा, श्री अरूण ध्रुव, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक (ई.एंडटी.) श्री पी.के. पंचायती व महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री आशीष मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के सहायक नोडल अधिकारी श्री योगेश कडू, मैनेजर (जी.आई.एस.) श्री रंजीत रंजन, नगर नियोजन के प्रमुख श्री निशीकांत वर्मा, नीतिश झा, सोहन गुप्ता सहित नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल रहें।

### कांग्रेस के न्याय के सामने भाजपा की गारंटी कुछ भी नहीं : राहुल तिवारी

# न्याय पत्र में एमएसपी की गारंटी किसानों के लिए बड़ी सौगात : छन्नी साहू

छुरिया,20 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

छुरिया क्षेत्र में घनी आबादी क्षेत्र से लेकर वनांचल के गांवों तक कांग्रेस का झंडा बुलंद हो रहा है। कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए कांग्रेसी यहां मोर्चा संभाले हुए हैं। गांव-गांव पहुंचकर कांग्रेस नेता सभाएं कर रहे हैं और लोगों तक कांग्रेस का न्याय का संकल्प पहुंचा रहे हैं। शुक्रवार को आमगांव, घेरूघाट, बुचाटोला, गिदवा भवर और चारभाटा में कांग्रेस ने सभाएं की और ग्रामीणों से 26 अप्रैल को पंजा का बटन दबाकर वोट देने की अपील की।

40 डिग्री के तापमान में भी कांग्रेसी अपने विजय संकल्प के लिए पूरी प्रतिबद्धता से जुटे हुए हैं। शुक्रवार को चुनावी अभियान की शुरुआत आमगांव से हुई। यहां लगी चौपाल में बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं मौजूद थीं। युवा अपने भविष्य की उम्मीदों को लेकर कांग्रेसी नेताओं को सुनने और घोषणाओं को समझने आए थे। आमगांव, घेरूघाट, बुचाटोला, गिधवाभवर और चारभाटा में भी बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस से जुड़े और भूपेश बघेल को विजयी बनाने अपना समर्थन दिया।

पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि - कांग्रेस किसानों की कर्ज माफी के लिए अलग आयोग बनाएगी। इसका सीधा मतलब है कि फसल पर नुकसान होने की सूरत में किसानों को राहत दी जाएगी। यह बड़ी बात है। स्वामी रंगनाथन कमेटी की सिफारिशें लागू की जाएगी, फसलों में एमएसपी की गारंटी कांग्रेस ने दी है। यह बड़ी बात है। आज से पहले ऐसा किसी



राजनीतिक दल ने नहीं किया। कांग्रेस ही वह पार्टी है जो हरित क्रांति लेकर आई थी। जिसने सफेद क्रांति को बढ़ावा दिया था। यही वह पार्टी है देश को मजबूत बना सकती है। देश की स्थाई व्यवस्था का आधार महिलाएं हैं। कांग्रेस शुरु से उनके लिए प्रयासरत रही है। कांग्रेस ने वायदा किया है कि सरकार बनने पर हर महिला को एक लाख रुपए हर साल मिलेंगे। यानी 8 हजार 333 रुपए लगभग हर माह। जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी ने कहा कि - पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भरोसेमंद शख्सियत हैं। वे छत्तीसगढ़िया संस्कृति, परंपरा को आगे लेकर जाकर उसे विकास से जोड़ते हैं। इसका प्रमाण उनके मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल में पूरे देश ने देखा है। उन्होंने कई कीर्तिमान गढ़े और छत्तीसगढ़ का सम्मान बढ़ाया। दूसरी ओर भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे हैं जो पांच साल दुख-दर्द में झांकने तक नहीं आए। वे कोरोनाकाल में कहां थे इसका कोई अता-पता नहीं। क्षेत्र के विकास में उनकी कोई भागीदारी नहीं है। आप सभी 26 अप्रैल को पंजा छाप में बटन दबाकर भूपेश बघेल को सांसद चुनकर भाजपा से छुटकारा पाने का निश्चय कर लीजिए। कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि - कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों में दस प्रतिशत कोटा बिना किसी भेदभाव के सभी जातियों, समुदायों के लिए लागू करने की घोषणा को शामिल किया है। कांग्रेस गारंटी देती है कि वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ष के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने के लिए संवैधानिक संशोधन पारित करेगी। देशव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना कराई जाएगी। सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए 25 लाख रुपये तक के कैशलेस बीमा का राजस्थान मॉडल अपनाया जाएगा। यह सभी घोषणाएं महत्वपूर्ण है। इन कार्यक्रमों में पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू, जिला महामंत्री चुम्मन साहू, जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन, एसटी सेल जिला अध्यक्ष लादूराम तुमरेकी, एकनाथ सिन्हा, ब्लॉक महामंत्री विजय साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष नेहरू लाल साहू, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष सुनील लारोकर, सचिव अमित अग्रवाल, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, जयपाल यादव सलमान खान पार्षद, सूरज साहू शकील कुरेशी, ब्लॉक महामंत्री खिलेश्वर साहू, कुलदीप साहू, धीरेन्द्र तिवारी सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संपादकीय

# सफलता के पीछे बरसों की मेहनत होती है

चाहे देश की सफलता हो, परिवार की सफलता हो या किसी राजनीतिक दल की सफलता हो, उसके पीछे बरसों की मेहनत होती है। बहुत लोगों की मेहनत होती है। बहुत सारे लोगों को सहयोग होता है। बहुत सारे लोगों की शुभकामनाएं होती हैं। इसे बहुत कम लोग ही समझ पाते हैं कि सफलता व्यक्तिगत नहीं होती है, वह भी सामूहिक होती है। उसे महसूस भले की एक आदमी करे या एक राजनीतिक दल करे लेकिन हकीकत यही है कि जब एक पूरा समूह मेहनत करता है तो एक पूरे समूह को बड़ी सफलता मिलती है ये और बात है कि किसी एक को श्रेय देना होता है तो उसे श्रेय दे दिया जाता है। किसी एक दिन के एक लम्हे में उस सफलता का एहसास किसी एक आदमी को होता है या एक राननीतिक दल को होता है। उस सफलता की शुरुआत किसी और दिन किसी एक लम्हे हुई होती है। कई लोग समझते हैं कि वह छलांग लगाकर किसी ऊंचाई पर पहुंच जाएंगे लेकिन वह पहुंच नहीं पाते हैं क्योंकि सफलता की सीढ़ीयां होती है, जिसे पहली मंजिल पर पहुंचना है, पहले वहां तक सीढ़िया बनानी पड़ती है, फिर एक एक सीढ़ी कर पहली मंजिल पर पहुंचा जाता है। भारतीय राजनीति में इसे पीएम मोदी की सफलता से समझा जा सकता है। उन्होंने सफलता की कोई छलांग नहीं लगाई है, उन्होंने सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़कर सफलता प्राप्त की है। आज वह दो मंजिल तक पहुंच कर तीसरी मंजिल तक पहुंचने का विश्वास व्यक्त कर रहे हैं तो इसके पीछ उनकी मेहनत हैं। उन्होंने दो मंजिल तक सीढियां बना ली तो दो मंजिल तक पहुंच गए. उन्होंने तीसरी मंजिल तक सीढ़िया बना ली हैं, इसलिए उनको विश्वास है कि वह तीसरी मंजिल पर पहुंच जाएंगे। परीक्षा की अच्छी तैयारी होती है तो परीक्षा में जैसे पास होने को भरोसा होता है, वैसा ही भरोसा पीएम मोदी को अपनी व पार्टी की मेहनत पर है। विपक्ष के नेताओं को लगता है कि पीएम मोदी को दो बार की सफलता अचानक मिल गई है। ऐसा नहीं है, इसके पीछ पीएम मोदी की गुजरात की 15 साल की मेहनत है। उन्होंने गुजरात का सीएम रहते हुए गुजरात का ऐसा विकास किया जैसा विकास कियी ने नहीं किया था। वह दिल्ली आए तो उनको गुजरात के 15 साल के काम का अनुभव था। राहुल गांधी की तरह उन्होंने अचानक दिल्ली आकर देश की जनता का पांच गारंटी नहीं दी। उन्होंने पहली बार सरकार की कमी खामी को बताया और लोगों में उम्मीद पैदा की वह भारत को गुजरात की तरह विकास का माडल बना सकते हैं। जनता ने उन पर भरोसा किया और पांच साल काम करने का मौका दिया। पीएम मोदी ने पांच साल लोगों को काम करके दिखाया और लोगों में भरोसा पैदा किया मैं आगे भी देश के लिए अच्छा काम कर सकता हं। पहले पांच साल काम करके उम्मीद पूरी की, दूसरे पांच साल काम करके भरोसा पैदा किया और तीसरी बार जाकर पीएम मोदी ने देश की जनता को गारंटी दी कि मैं जो कहता हूं वह करता हूं। यानी दस काम करने के बाद मोदी ने गारंटी दी है कि वह देश के लिए क्या क्या कर सकते हैं। दस साल के काम के कारण जनता उनकी गारंटी पर भरोसा कर रही है। राहुल गांधी सोचते हैं कि बिना कोई काम किए वह देश की जनता को गारंटी देंगे और जनता उसे मान लेगी कि राहुल गांधी यह गारंटी पूरी करेंगे। ऐसा होता तो राहुल गांधी पिछली बार हारते नहीं । मोदी ने देश के किसानों को साल का छह हजार रुपए देने का वादा किया और राहुल गांधी ने जनता कोें 76 हजार रुपए देने का वादा किया था। जनता ने मोदी के वादे पर एतबार किया और राहुल गांधी के 76 हजार रुपए को नकार दिया। इस बार राहुल गांधी एक लाख रुपए सहित तीस लाख नौकरी, कर्जामाफ आदि का लालच भी दे रहे हैं। जनता उनकी बातों पर भरोसा नहीं कर पा रही है क्योंकि इन वादों को पूरा करने के लिए बहुत पैसा चाहिए। वह पैसा कहां से आएगा से राहुल गांधी बता नहीं रहे है, इसलिए देश उनकी बातों पर भरोसा नहीं कर रहा है। राहुल गांधी के वादे कांग्रेस की गरीबी हटाओं वादे की तरह हैं। कांग्रेस बरसों से गरीबी हटाने का वादा करती है लेकिन गरीबी को हटा नहीं पाई है, इसलिए कांग्रेस के गरीबी हटाने के वादे पर कोई एतबार नहीं करता है।

ललित गर्ग

भगवान महावीर की जन्म जयंती

# भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म के प्रणेता



सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। वे सार्वभौम धर्म के प्रणेता थे, उनके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना थी। इस वर्ष भगवान महावीर की 2550 वां निर्वाण महोत्सव मनाया जा रहा है, उनकी जन्म जयन्ती एवं निर्वाण महोत्सव न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिये बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिये उन्नत जीवन का आधार है, निर्वाण महोत्सव का भव्य आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम् सभागार में 21 अप्रैल, 2024 को चारों जैन सम्प्रदायों के आचार्यों, मुनिराजों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में करेंगे।

भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- ‘अहिंसा’। सबसे पहले ‘अहिंसा परमो धर्मः’ का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ ‘महाभारत’ के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। ‘आत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत्’’ इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात् पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें और न ही करवाएं और हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपभोग नहीं करें।

एक बार महावीर और उनका शिष्य गोशालक एक घने जंगल में विचरण कर रहे थे। जैसे ही दोनों एक पौधे के पास से गुजर रहे थे। शिष्य से दुश्मन बन चुके गोशालक ने महावीर से कहा, यह पौधा देखिए, क्या सोचते हैं आप, इसमें फूल लगेंगे या नहीं लगेंगे? महावीर आंख बंद करके उस पौधे के पास खड़े हो गए, और कुछ देर बाद आंखें खोलते हुए उन्होंने कहा, फूल लगेंगे। गोशालक ने महावीर का कहा सत्य न हो, इसलिये तत्काल पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया, और जोर-जोर से हंसने लगा। महावीर उसे देखकर मुस्कराए। सात दिन बाद दोनों उसी रास्ते से लौट रहे थे। जैसे ही दोनों उस जगह पहुंचे, जहां गोशालक ने पौधा उखाड़ा था, उन्होंने देखा कि वह पौधा खड़ा है। इस बीच तेज वर्षा हुई थी, उसकी जड़ों को वापस जमीन ने पकड़ लिया, इसलिए वह पौधा खड़ा हो गया था। महावीर फिर आंख बंद करके उसके पास खड़े हो गए। पौधे को खड़ा देखकर गोशालक बहुत परेशान हुआ। गोशालक की उस पौधे को दोबारा उखाड़ फेंकने की हिम्मत न पड़ी। महावीर हंसते हुए आगे बढ़े। गोशालक ने इस बार हंसी का कारण जानने के लिए उनसे पूछा, आपने क्या देखा कि मैं फिर उसे उखाड़ फेंकूगा या नहीं? तब महावीर ने कहा, यह सोचना व्यर्थ है। अनिवार्य यह है कि यह पौधा अभी जीना चाहता है, इसमें जीने की ऊर्जा है, और जिजीविषा है। तुम इसे दूबारा उखाड़ फेंक सकते हो या नहीं-यह तुम पर निर्भर



है। लेकिन पौधा जीना चाहता है, यह महत्वपूर्ण है। तुम पौधे से कमजोर सिद्ध हुए और हार गए। और जीवन हमेशा ही जीतता है। जीवन में आने वाली मुश्किलों का सामना करने के लिए जरूरी है, आशावादी रहना।

भगवान महावीर का जन्म दिवस एक दस्तक है। उन्होंने बाहरी लड़ाई को मूल्य नहीं दिया, बल्कि स्व कर सुरक्षा में आत्म-युद्ध को जरूरी बतलाया। उन्होंने जो कहा, सत्य को उपलब्ध कर कहा। उन्होंने सबके अस्तित्व को स्वीकृति दी। ‘णो हीणे णो अइरित्ते’-उनकी नजर में न कोई ऊंचा था, न कोई नीचा। उनका अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बना। उन्होंने अपने होने का अहसास जगाकर अहं को खड़ा नहीं होने दिया। इसीलिये उनकी शिक्षाओं एवं उपदेशों का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में विशेष महत्व है। हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं करते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं। महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- ‘पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।’ औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है।

भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहा हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मानवता बचाने में है, मारने में नहीं। किसी भी मानव, पशु-पक्षी या प्राणी को मारना, काटना या प्रताड़ित करना स्पष्टतः अमानवीय है, क्रूरतापूर्ण है। हिंसा-हत्या और खून-खच्चर का मानवीय मूल्यों से कभी कोई सरोकार नहीं हो सकता। मूल्यों का सम्बन्ध तो ‘जियो और जीने दो’ जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है।

एक और महत्वपूर्ण प्रश्न है, क्या सुख को स्थायी बनाया जा सकता है? क्या दुःख को समाप्त किया जा सकता है? इसका सीधा उत्तर होगा कि भौतिक जगत में ऐसा होना कभी संभव नहीं है। जब तक भौतिक जगत में जीएंगे तब तक यह स्वप्न लेना दिवास्वप्न है, कल्पना करना आकाश कुसुम जैसा है। आकाश में कभी फूल नहीं लगता। यह असंभव बात है कि इंद्रिय जगत में आदमी जीए और वह सुख या दुःख एक का ही अनुभव करे, यह द्वंद्व बराबर चलता रहेगा। तब व्यक्ति के मन में एक जिज्ञासा पैदा होती है कि ऐसा कोई उपाय है जिससे सुख को स्थायी बनाया जा सके? इसका समाधान है स्वयं का स्वयं से साक्षात्कार।

इसके लिये जरूरी है हर क्षण को जागरूकता से जीना। उसको जीने के लिये भगवान महावीर ने कहा था- ‘खणं जाणाहि पंडिए’, जो क्षण को जानता है, वह सुख और दुःख के निमित्त को जानता है। आज मनुष्य जिन समस्याओं से और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। जरूरी है कि हम महावीर ने जो उपदेश दिये उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो। भगवान महावीर का संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है इसलिए वह स्वतः प्रेरणादायी है। उनके उपदेश जीवनस्पर्शी हैं जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। वे चिन्मय दीपक हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को हरता है। वे सचमुच प्रकाश के तेजस्वी पुंज और सार्वभौम धर्म के प्रणेता हैं। वे इस सृष्टि के मानव-मन के दुःख-विमोचक हैं। पदार्थ के अभाव से उत्पन्न दुःख को सद्भाव से मिटाया जा सकता है, श्रम से मिटाया जा सकता है किंतु पदार्थ की आसक्ति से उत्पन्न दुख को कैसे मिटाया जाए? इसके लिए महावीर के दर्शन की अत्यंत उपादेयता है।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। कुछ छिपे विरोधी आपके बारे मे अफवाहें फैलाने के लिए तैयार बैठे हैं। ऐसा कोई मौका ही न दें। आज आपकी प्रतिभा मान-सम्मान बढ़ाने में कारगर साबित हो सकती है। आपको कुछ ऐसे काम दिए जायेंगे, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर लेंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। आज खुद से बनाई हुई खीर पैरेन्ट्स को खिलाने पर पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, आज उन्हें तोड़कर जीवन में बदलाव लाने में सफल होंगे।

मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज कार्यस्थल पर लोगों के साथ जुड़े रहने की और मिलने-जुलने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपने विचारों में किसी भी प्रकार का बदलाव सोच-समझकर करें। पिछली बातों से मिली सीख को आज ध्यान में रखेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा।

कर्क राशि : आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजर अंदाज न करें। आज अन्य लोगों की, की गई मदद से आपको लाभ मिलेगा। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज मस्ती में बितेगा। आप उसके साथ बाहर जा सकते है जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी।

सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज्यादा फायदा दे सकते हैं। आज के दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। इससे दूसरे लोग भी आपसे प्रभावित होंगे।

कन्या राशि: आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जाएगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आगे बढऩे के लिए आप कुछ नया सीखेंगे। इस राशि के जो लोग सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उन्हें तरक्की के नये अवसर प्राप्त होंगे।

तुला राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज कुछ नए मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे। आज आप ज्यादातर मामलों में खुद को भाग्यशाली महसूस करेंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा। सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है। इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक हैं, उनके लिये अपने काम में कुछ बदलाव करने का आज अच्छा दिन है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही करने से बचे।

धनु राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज सेहत संबंधी समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे। आज आप सकारात्मक बातों पर ध्यान देने की कोशिश करेंगे। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

मकर राशिः आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनाएंगे, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। करियर से संबंधित निर्णय की वजह से काम का दबाव बढ़ता हुआ नजर आएगा, लेकिन इसी काम के जरिए आपको सफलता भी मिलेगी।

कुंभ राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उदास होगा। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी आज आपसे अपने मन की बात शेयर करेंगे। साथ ही उपहार मिलने से आपको प्रसन्नता होगी।

मीन राशि : आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जाएगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने के लिए समय बेहतर है। यात्रा का कोई कार्यक्रम बना सकते हैं। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है।

व्यंग्य

# एक फैले हुए पेट की चर्बी कथा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा ‘उरतृप्त’

न मैं आकाश अंबानी हूँ। न अच्छी-खासी सैलरी वाला इंसान। मैं निरा मोटू हूँ। सौ कैरट शुद्ध सोने की तरह शुद्ध सौ फीसदी चर्बी वाला मोटू। मोटुओं के लिए जीने की जिम्मेदारी बड़ी चैलेंजिंग होती है। उससे भी बड़ा भैया बनने का ख्याल। जब लड़कियाँ मुझ जैसे मोटुओं को देखती हैं, तो उन्हें लगता है कि इन्हें सच्चे प्यार के बजाय खाना पसंद है। शायद इसीलिए वे मोटुओं को देखते ही "भैया" कह देती हैं। पर क्या वे जानती हैं कि मोटुओं का भी दिल होता है, और उनमें भी प्यार के ख्वाब होते हैं? यह जानकर मुझे भी विचार आता है कि कहीं भैया बनने का ख्याल परमानेंट न हो जाए, क्या मुझे प्यार करने का अधिकार नहीं है? यह सब इसलिए बता रहा हूँ कि मैं बहुत मोटू हूँ। मोटुओं की परेशानियाँ मोटू ही जानते हैं। जिस तरह महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता हैं, ठीक उसी तरह हर मोटू लड़का देश भर की लड़कियों के लिए भैया होते हैं। पता नहीं क्यों लड़की मुझे देखते ही भैया कह देती है। क्या उसे नहीं पता कि मेरा भी एक मन होता है। मुझे भी प्यार करने की इच्छा होती है। जब से खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है, मुहावरा सुना है, तब से लड़कियाँ तो लड़कियाँ बड़ी-बूढ़ी महिलाएँ भी मुझे भैया कहकर दूर बैठने की सलाह देती हैं। मानो ऐसा लगता है मुझ जैसे मोटुओं को देखते ही उनके भीतर की ऐसी ग्रंथियाँ जो गबरू जवान को पहचानकर नैन मटक्का करने लगती हैं, तुरंत संस्कारों में बदलकर दुनियाभर का सम्मान परोसने पर आमादा हो जाती हैं। मेरा हाल तो उस समय और बुरा हो जाता जब माँ की उम्र सी लगने वाली महिला जिसके बाल चूने की सफेदी से चुनौती लेने के लिए मचल उठते हैं, वे भी मुझे भैया कहकर बुलाने में कोई झिझक महसूस नहीं करती हैं। मुझे भी लगा कि उन्हें माँ कहकर पुकारूँ, लेकिन मैं उनकी तरह खुले विचारों वाला नहीं था। मुझ जैसों का एक फेवरेट ड्रेस होता है। एक इसलिए क्योंकि मोटुओं के लिए कंपनियाँ ड्रेसेस ही नहीं बनातीं। न जाने इनको किसने सिखा दिया कि मोटुओं के लिए सिलेंडर टाइप का कुछ बना दो उसी में वे खुद को अडजस्ट कर लेंगे। न हमारे लिए कोई कलर की च्वाइस होती है न कोई डिजाइन की। कभी-कभी तो लगता है कि इन कंपनियों को आग लगा दूँ। फिर सोचता हूँ कि ऐसा करने पर जो एकाध ड्रेस मिल रहा है, वह भी भला देने वाला कौन बचेगा। शॉपिंग मॉल जाकर ड्रेस खरीदने की पीड़ा शब्दों में बयान करना मुश्किल है। सेल्समैन चुहल करने की फिराक़ में या फिर कुछ और सोचकर जानलेवा मज़ाक करते हुए पूछता है – बताइए सर आपके लिए किस साइज की जिंस दिखाऊँ? 32 कि 34 या फिर स्लिम फिट? अब मैं उसे कैसे बताऊँ मोटुओं के लिए स्लिम नाम के शब्द से कोई ड्रेस नहीं बनता। फिर वही थक-हारकर 44 साइज़ का एक झिंगोला देते हुए उसे कुछ अंग्रेजी वाले नाम से मुझे चिपका देता है। शॉपिंग मॉलों में ड्रेस खरीदने का यह स्टंट मुझ जैसे मोटुओं के लिए कितना विचित्र होता है, यह जानने के लिए कोई अद्भुत सोच नहीं हो सकती। यह सब शॉपिंग मॉल के बगल लगाई तीन दुकानों की वजह से होता है। जब भी यहाँ आता हूँ इन तीन दुकानों के दर्शन करना नहीं भूलता। पहली दुकान का नाम हंगर ग्रिल्स, दूसरी का भोलेनाथ चाटभंडार और तीसरी का डिलिशियस आइसक्रीम। यहाँ आने से पहले जितना भी जिम कर दो-तीन इंच घटाकर आता हूँ उतना ही बढ़ाकर जाता हूँ। वह क्या है न कि मैं किसी का हिसाब बाकी नहीं रखता। जिम का एहसान इन दुकानों को चुकाकर परमशांति का आभास होता है। यह शॉपिंग मॉल न केवल मुझ जैसे मोटुओं की पसंदीदा जगह है, बल्कि इसे एक विशेष क्रांतिकारी जगह के रूप में भी देखा जा सकता है - 'शॉपिंग जिम'। जी हाँ, आपने सही सुना, जिम। शॉपिंग के साथ-साथ पेटफोड़ एक्सरसाइज करने के लिए स्वादिष्ट व्यंजन भी मिलते हैं। जिम करने के बजाय, आप यहाँ पर भी अपने मास्टर कुकिंग की बजाय ईटिंग कौशलों को बढ़ा सकते हैं। शॉपिंग मॉल के इस क्रांतिकारी आविष्कार की वजह से अब मैं दुकानों की भीड़ में खो जाने की बजाय, अपने मोटू जीवन के हर क्षण को सही ढंग से एंजॉय करने का आदी हो जाता हूँ। लोग सोचते हैं कि मोटू लड़कों को केवल ड्रेस ढूँढ़ने की परेशानी होती है। जब वह कपड़े की दुकान में कदम रखता है, तो यह उनके लिए जंगल के अंदर एक खतरनाक सफर जैसा होता है, जहाँ हर आउटफिट उनके आत्मसम्मान को हजारों टुकड़ों में कुचलने की धमकी देता है। मुझ जैसे मोटू लड़के समाज की लगातार निगरानी में रहते हैं, जहाँ यह मोटी चर्बी वाली उदरकथा आम जनता के लिए चर्चा का विषय बनी रहती हैं। लोग मेरे खाने-पीने की आदतों, व्यायाम शैलियों, और उठने-बैठने के आधार पर निःशुल्क सलाह देने को अपना अधिकार समझते हैं। और ऊपर से उनकी व्यंग्योक्तियों के अंतहीन कथन -: "तुम्हारे पास इतना चब्बी-चब्बी चेहरा है, अगर तुम थोड़ा वजन कम कर लो तो।" जैसे मूल्यांकन सहने पड़ते हैं। सच कहें तो पतलेपन के पवित्र मंदिर में पूजा करने वाली दुनिया में, मोटुओं को अपना अंतरिक्ष खुद बनाना पड़ता है।

मनोज कुमार अग्रवाल

राजनीति

# आग बरसाता सूरज और शोले उगलते नेता!

अठारहवीं लोकसभा के लिए होने जा रहा आमचुनाव एक ओर पीक गर्मी के दिनों में संपन्न होने जा रहे हैं नेता तो एअरकंडीशनथ गाडिय़ों में घूम रहे हैं लेकिन कार्यकर्ता और वोटर गर्मी में तप रहे हैं वहीं नेताओं के बिगड़े बोल तपिश और अधिक बढ़ा रहे हैं। हाल ही में जिस तरह राजद नेता तेजस्वी यादव की सभा में मौजूद किसी व्यक्ति ने मंच के सामने से चिराग पासवान की माता के लिए अपशब्दों के इस्तेमाल कर विडियो वायरल की वह राजनीति में आरही गिरावट को बताने के लिए पर्याप्त है। कभी खुद बेल पर चल रहे नेताओं की पार्टी की पुत्री प्रधानमंत्री को जेल में भेजने की बात कह रही है अभी तक के चुनावों में मौजूदा चुनाव सबसे अधिक खराब भाषा और व्यवहार वाले हैं। तमाम मर्यादा टूट रही हैं। वैसे तो हर चुनाव में नेताओं की जुबान लड़खड़ाती रही है, मगर बिहार में इस बार कुछ अधिक हो गया। लालू यादव की बेटी और पाटलिपुत्र से आरजेडी उम्मीदवार मीसा भारती ने सरकार बनने पर पीएम और मोदी को जेल भेजने की बात कही तो लालू ने संविधान और आरक्षण खत्म करने पर आंख निकालने की धमकी दी। लालू के परिवार के करीबी एमएलसी सुनील कुमार ने अपनी ही पार्टी की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य को जिताने के बदले हराने की अपील कर दी। कुछ की अनजाने में जुबान में फिसली तो कई ने जान-बूझकर शब्दों की न मर्यादा तोड़ी।यह बेजुबानी गर्मी और बढ़ा रही है।

आपको बता दें कि भारत में सियासी तापमान के साथ ही मौसमी तापमान भी तेजी से बढ़ने लगा है की शहरों इलाकों में तापमान 40 डिग्री छू रहा है वहीं उत्तर भारत के अनेक इलाकों में लू का प्रकोप शुरू हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में महाराष्ट्र, उत्तरी गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। उत्तर भारत में कुछ इलाकों में चिलचिलाती गरमी से राहत रहेगी, पर ज्यादातर इलाके दिन के समय तपेंगे। कुछ जगहों पर बादल भी छाए हैं, पर बादल के हटते ही तापमान के सभी जगह तेज होने का अनुमान है। बिहार के करीब एक दर्जन जिलों में लू का माहौल है, पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। उत्तर प्रदेश के भी अनेक जिलों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने लगा है। तापमान या लू की चिंता इस साल इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि यह चुनावी समय है। बड़े पैमाने पर लोगों का आवागमन होगा और सभाओं का आयोजन होगा। अनेक जगहों पर हजारों लोगों की भीड़ जुटेगी और लोगों को परेशानी होगी। ऐसे में, अगर तापमान 40 या 45 के पार रहता है, तो संकट सताएगा। मौसम प्रतिकूल होने से चुनाव प्रचार के साथ ही मतदान प्रतिशत भी प्रभावित हो सकता है। वैसे यह कोई नई बात नहीं है, विगत दशकों से लोकसभा चुनाव मार्च-अप्रैल-मई में ही होते आए हैं,



पर तापमान के मद्देनजर सभी को सावधान रहना होगा। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, मई का महीना तपेगा। चिंता इसलिए भी ज्यादा है कि पिछला साल 2023 वर्ष 1901 के बाद सबसे गरम रहा था। क्या साल 2024 से हम राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस साल गरमियों में कुछ इलाकों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस के पार भी जा सकता है। शहरों को विशेष रूप से जल की व्यवस्था दुरुस्त रखनी पड़ेगी। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान का अनुमान नहीं लगाया जा सकता, पर आने वाली बारिश का अनुमान मौसम विभाग ने लगा लिया है। इस साल जून और सितंबर के बीच सामान्य से अधिक मानसूनी बारिश होने की संभावना है। ध्यान रहे, पिछले वर्ष देश में सामान्य से कम बारिश हुई थी, इसलिए इस बार सामान्य से अधिक बारिश किसी खुशखबरी से कम नहीं है। पूर्वानुमान के अनुसार, देश भर में वर्षा की कुल मात्रा पांच प्रतिशत की त्रुटि आशंका के साथ लंबी अवधि के औसत का 106 प्रतिशत रहेगी। वैसे मई के अंत में मौसम विभाग बारिश से जुड़े सुनिश्चित अनुमान लगाने में सक्षम होगा। फिलहाल, समुद्री तापमान के ढर्रे में अपेक्षित बदलाव और उत्तरी गोलार्ध में बर्फ की मात्रा को देखते हुए सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान लगाया गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार अभी भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में मध्यम अल नीनो की स्थिति बनी हुई है। देश में सामान्य से अधिक मानसून की 31 प्रतिशत संभावना है, जबकि सामान्य से कम मानसून की 8 प्रतिशत संभावना है और कमजोर मानसून की केवल दो प्रतिशत संभावना जताई गई है। वास्तव में, हमें मौसम के बारे में समग्रता में सोचना चाहिए। ज्यादा गरमी भी ठीक नहीं और न ज्यादा बारिश, पर जलवायु परिवर्तन का जो हाल है, उसके अनुसार, हमें दोनों ही परिस्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए। साथ ही, एक बार जरूर सोचना चाहिए कि अत्यधिक तापमान या अत्यधिक बारिश की स्थिति से बचने के लिए हम क्या कर सकते हैं। चुनाव के समय में पर्यावरण या मौसम राजनीति का केंद्रीय विषय भले न बना हो,लोगों के लिए यह विषय महत्वपूर्ण होना चाहिए।

यहां यह भी गौर तलब है कि यदि गर्मी ने प्रचंड तेवर अपनाए तो इस का असर मतदान पर होना लाजिमी है। यहां यह भी गौर तलब है कि शहरी वोटर धूप गर्मी से बचने के लिए जाना जाता है यदि गर्मी के कारण वोटर कम निकला तो भाजपा को अधिक नुकसान हो सकता है क्योंकि शहरी वोटर गर्मी में मतदान करने के लिए कम निकलता है। यदि ऐसा होता है तो भाजपा के मतों का प्रतिशत कम हो सकता है। दरअसल भाजपा का वोटर शहरी अधिक है और शहरी मतदाता धूप में निकलने से बचता है। यदि प्रचंड गर्मी के मौसम की मार से आहत मतदाता मतदान के लिए बाहर नहीं निकला तो मतदान का प्रतिशत काफी कम रह सकता है थोडा सा कम मतदान तमाम पूर्वानुमान के आंकड़े बदल सकता है हार जीत के फैसले पर बहुत बड़ा असर डाल सकता है। हालांकि भाजपा इस खतरे को आंक चुकी है।हीटवेव के मुकाबले के लिए सरकारी स्तर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और तमाम राज्य सरकारों को एडवाइजरी जारी की गई है।

## एक नजर

### स्वीप के तहत स्वच्छता दीदियों का रंगोली व थाली सजाओ प्रतियोगिता संपन्न

**महासमुंद।** शहर के मतदान केन्द्रो में शतप्रतिशत मतदान को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर पालिका का प्रचार अभियान जारी है। बुधवार को पालिका की मिशन क्लीन सिटी के स्वच्छता दीदीयो ने मनमोहक रंगोली,एवं पूजा थाली सजाई। स्वच्छता दीदियों ने शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर मा. शाला,शासकीय अभ्यास कन्या शाला, तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता नारो के साथ रंगोली बना तथा पूजा थाली सजाकर प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता के माध्यम से उन्होंने मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाते हुऐ मतदान अवश्य करने का संदेश दिया। रंगोली प्रतियोगिता में तुमाडबरी सेटंर प्रथम, खरोरा सेटंर द्वितीय व खैरा सेटंर की स्वच्छता दीदी तीसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह पूजा थाली सजाओ प्रतिभागियों मे दलदली सेटंर प्रथम, तुमाडबरी सेटंर द्वितीय तथा खैरा सेटंर तीसरे स्थान में रही। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने कहा कि मतदान सभी के लिए जरूरी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में सबकी भागीदारी आवश्यक हैं। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, मोहन दास मानिकपुरी प्रिया दुबे, विद्यालय के प्रचार्य सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 23 अप्रैल से प्रारंभ

**कांकेर, 20 अप्रैल ।** प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया 23 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है, जिसकी अंतिम तिथि 17 मई 2024 है। ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार हेतु 18 से 20 मई निर्धारित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि कांकेर स्थित आवासीय विद्यालय के कक्षा 09 में 50 बालक एवं 50 बालिका सहित कुल 100 सीटों पर प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाना है। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 09 जून 2024 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक निर्धारित है। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट ीजजचेरूध्ध्मासंअलंण्बहण्दपबण्पद पर भर सकते हैं। आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 8वीं के वर्ष 2023-24 बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी या समकक्ष ग्रेड में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि माओवादी हिंसा से प्रभावित परिवार के बच्चों के लिए चयन के मापदंड शिथिल है और ऐसे विद्यार्थी द्वारा प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन करता है तो उसे सर्व-प्राथमिकता देते हुए सीधे चयन किया जाएगा। इसके लिए संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रवेश परीक्षा हेतु पात्रता रखने वाले इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने एवं सहयोग हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर अथवा मण्डल संयोजक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत में सम्पर्क किया जा सकता है।

### मीडिया प्रतिनिधियों ने पहली बार डाक मतपत्र के जरिए किया मतदान

**धमतरी 20 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवाओं के रूप में 10 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भारतीय खाद्य निगम और ऐसे मीडियाकर्मी जिन्हें प्राधिकार पत्र जारी हुआ है, शामिल हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी, कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र और अनिवार्य सेवा अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों और मीडिया प्रतिनिधियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। इसके तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी, तहसील कार्यालय कुरूद और तहसील कार्यालय धमतरी में 19, 20, 21 अप्रैल को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक सुरक्षा बल एवं अनिवार्य सेवाओं के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है।

जिले के पत्रकारों को पहली बार आयोग द्वारा दी गई डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा के लिए आभार व्यक्त किया वहीं नगरी विकासखंड स्थित सुविधा केन्द्र में में पहली बार डाक मतपत्र से मतदान करने के पहुंचे पत्रकार देवेन्द्र युवराज मिश्रा ने खुश होकर कहा डाक मतपत्र से मतदान करने का अनुभव काफी अच्छा रहा। इससे मतदान के दिन वे निश्चिंत होकर कवरेज कर सकेंगे।

इसी तरह बसंल न्यूज के संवाददाता श्री राजेश चांवला और उनके कैमरामेन श्री अवधेश साहू ने बताया कि मतदान के दिन अक्सर समाचार कव्हरेज एवं संकलन हेतु हमें अन्य जगहों पर जाना पड़ता था, जिसके कारण कभी-कभी वे अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित हो जाते थे।

निर्वाचन आयोग की इस पहल से अब वे अपने मताधिकार का प्रयोग करे सकेगें। उन्होंने जिले के अन्य मतदाताओं को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। गौरतलब है कि तहसील कार्यालय धमतरी में 23, 24 एवं 25 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सुरक्षा बल तथा अनुपस्थित-अनिवार्य सेवा के निर्वाचकों तथा छुटे हुए कर्मचारियों के लिए पी-03 से पी-1 तक सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

# सुकमा जिले में शांतिपूर्ण मतदान,लोगों में दिखा उत्साह





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 20 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत संसदीय क्षेत्र 10-बस्तर के तहत शुक्रवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 90 कोण्टा में 19 अप्रैल को मतदान दिवस के अवसर पर जिले के मतदाता स्वस्फूर्त मतदान करने मतदान केन्द्रों में पहुंचे। मतदाताओं में लोकतंत्र के महापर्व मतदान करने के लिए उत्साह देखा गया। युवा और महिला मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखा गया। वहीं बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया। वे उत्साह से वोट डालने मतदान केन्द्र तक पहुंचे तथा अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए सन्देश दिया। जिले में शुक्रवार को सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी-लम्बी कतार मतदान केन्द्रों पर देखी गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस. एस और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण सहित जिले के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने भी अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर मतदान किया। इस दौरान कलेक्टर हरीस एस.ने पॉलीटेक्निक कॉलेज सुकमा में स्थापित कंट्रोल रूम पहुंचकर जिले में हो रहे मतदान की स्थिति का जायज़ा लिया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, एसडीएम सबाब खान, एसडीएम विजय प्रताप खेस्स, डिप्टी कलेक्टर मधु तेता, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी, तहसीलदार योपेंद्र पात्रे सहित निर्वाचन कर्तव्यों से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में ×× पिंक बूथ यथा संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें महिला मतदान अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साह और सजगता से निर्वाचन कार्य के तहत् मतदान कराने के कार्य को सफलतापूर्वक सम्पादित किया। साथ ही 1× आदर्श मतदान केंद्र, 01 दिव्यांग मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन सभी मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के सदस्यों द्वारा सफलतापूर्वक मतदान संपन्न करवाया गया।



**सुकमा।** घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मतदान कार्य पूर्ण कराकर हेलीकॉप्टर से वापिस लौटे मतदान कर्मियो का फूल माला व गुलाब भेंट करके किया गया स्वागत । एसपी किरण चव्हाण ने गुलाब देकर मतदान कर्मियो का स्वागत किया ।

## कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का किया उपयोग



**जगदलपुर,20 अप्रैल ।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री श्याम धावड़े और आईजी बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी. ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 19 अप्रैल शुक्रवार को जगदलपुर शहर के शहीद भगतसिंह हाईस्कूल में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 75 में तथा कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. और पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने भैरमगंज स्कूल स्थित मतदान केंद्र 104 में सपरिवार कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस दौरान उन्होंने आदर्श मतदान केंद्र परिसर में बनाये गए सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली। वहीं मतदान करने के लिए मतदान केंद्र में पहुंचे मतदाताओं का हौसला-अफजाई की। इस अवसर पर कमिश्नर, आईजी, बस्तर कलेक्टर ने बस्तर लोकसभा के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में व्यापक सहभागिता निभाने का आग्रह किया। इस मौके पर कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने बस्तर संभाग के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र का महापर्व है और मतदाता के रूप में हम सभी को बहुमूल्य अधिकार मिला हुआ है इसका उपयोग अवश्य करें। बस्तर के सब मतदाताओं से विनम्र अपील करता हूं कि आप मतदान केंद्र जाएं अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागी बनें। पुनः सभी मतदाताओं से आग्रह है कि घर से निकलिये मतदान कीजिये और एक जिम्मेदार नागरिक बनें।इस अवसर पर आईजी बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी. ने बस्तर अंचल के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाना हम सब की सयुंक्त जिम्मेदारी है इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए सभी मतदाता अपने घर से निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचे और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें,ताकि लोकतंत्र के नींव को मजबूत करें और बस्तर क्षेत्र के विकास हेतु शांति एवं सुरक्षा के लिए अपना अमूल्य योगदान निभाएं। पुनः बस्तर क्षेत्र के नागरिकों एवं मतदाताओं से अपील है कि वे आज अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान अवश्य करें। इस मतदान केन्द्र पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे ने भी कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का उपयोग किया।आदर्श मतदान केन्द्र के सेल्फी बूथ में कमिश्नर-आईजी सहित कलेक्टर-एसपी ने खिंचवाई सेल्फी स्थानीय शहीद भगतसिंह उच्चतर माध्यमिक स्कूल पथरागुड़ा के परिसर में 4 मतदान केंद्रों मतदान केन्द्र क्रमांक 75,76 तथा 146 एवं 148 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। जहां बस्तर की पारंपरिक लोक संस्कृति को रेखांकित किया गया है। घासफूस की झोपड़ी के साथ गौरसिंग पहने लोकनर्तक,ग्रामीण महिलाओं को बखूबी प्रदर्शित किया गया है। इस आदर्श मतदान केन्द्र के सेल्फी बूथ में कमिश्नर बस्तर श्री श्याम धावड़े,आईजी श्री सुंदरराज पी. सहित कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.,एसपी श्री शलभ सिन्हा,सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे,नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी तथा अन्य अधिकारियों ने मतदान के उपरांत एक साथ सेल्फी खिंचवाई। वहीं अन्य मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने अभिप्रेरित किया।

#### दिव्यांग एवं वयोवृद्ध मतदाताओं ने मतदान कर अन्य मतदाताओं को दिया संदेश

शहीद भगतसिंह स्कूल में स्थापित आदर्श मतदान केन्द्रों में दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही वयोवृद्ध मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए सन्देश दिया। यहां के आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 75 में हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी 66 वर्षीय दिव्यांग श्री बृजमोहन मेहरा तथा 56 वर्षीय दिव्यांग श्रीमती ममता ननकानी ने परिजनों के सहयोग से अपने मताधिकार का उपयोग किया। वहीं आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 146 में 72 वर्षीय दिव्यांग शेख जुमन रिजवी ने अपनी पत्नी 68 वर्षीया शबीना बानो रिजवी के साथ मतदान कर अन्य मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग अवश्य करने का संदेश दिया।

## कलेक्टर ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग का जायजा लिया





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 20 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत महासमुन्द संसदीय क्षेत्र में आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। गरियाबंद जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यों का जायजा लिया। कमिशनिंग कार्य कृषि उपज मंडी परिसर के मतगणना हाल में किया जा रहा है। राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर और अभ्यार्थियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम का सील विविधत खोला गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कृषि उपज मंडी परिसर स्थित जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, बैठक कक्ष, जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था कक्ष, सीसीटीवी निगरानी कक्ष, सहित सभी आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्हांने मतदान दल रवानगी एवं इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीन वापसी और मतगणना दिवस के दिन के लिए पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन किया और इसके लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि जिले के राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ इन दोनों विधानसभा क्षेत्र के इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीनों की सुरक्षा, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का वितरण, मतदान दल की रवानगी, मतगणना स्थल, और मतगणना दिवस के दिन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, रिटर्निंग आफिसर, जिला निर्वाचन अधिकारी की अलग-अलग बैठक व्यवस्था एवं मॉनिटरिंग कक्ष बनाएं जाएंगे। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 14-14 टेबल लगाकर मतदान के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्य किया जा रहा हैं। इसके माध्यम से बीयू में बैलेट पेपर लगाएं गए और पिंक पेपर से सील किया गया। व्हीव्हीपैट में ईसीआईएल के इंजिनियरों के माध्यम से सिंबॉल लोडिंग का कार्य किया गया। सभी बीयू, सीयू और व्हीव्हीपैट का सिलिंग कार्य किया जा रहा है। महासमुन्द संसदीय क्षेत्र में कुल 17 अभ्यर्थी एवं नोटा 01 कुल 18 है। विधानसभा क्षेत्र राजिम के 274 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदान केन्द्रों के लिए 662 बैलेट यूनिट, 331 कंट्रोल यूनिट तथा 383 रिजर्व सहित व्हीव्हीपैट को सुरक्षित रखा गया है। विधानसभा क्षेत्र बिन्द्रानवागढ़ में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 299 हैं। इन मतदान केन्द्रों के लिए बैलेट यूनिट 722, कंट्रोल यूनिट 361 और व्हीव्हीपैट 418 रिजर्व सहित सुरक्षित रखा गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राजिम श्रीमती अर्पिता पाठक, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बिन्द्रानवागढ़ हितेश पिस्दा एवं सेक्टर आफिसर एवं कमीशनिंग कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि महासमुन्द संसदीय क्षेत्र में गरियाबंद जिले के राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा निर्वाचन आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा।

## दिव्यांग, गर्भवती माता एवं बुजुर्ग मतदाता का स्काउट-गाइड करेंगे सहयोग



**गरियाबंद, 20 अप्रैल।** जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल ने स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत स्काउट गाईड के विद्यार्थियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा का चुनाव होगा। जिसमें आप सभी लोग मतदाता मित्र की तरह मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग, बुजुर्ग एवं गर्भवती माताओं को लाने ले जाने में सहयोग करेंगे। इस संबंध में उन्होंने स्काउट-गाईड को मतदान केन्द्रों पर किए जाने वाले कार्यों एवं सावधानियों के संबंध में जानकारी दी। श्री अग्रवाल ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने स्काउट-गाईड के विद्यार्थियों को मतदाताओं से मतदान करने और अपने अभिभावकों, पड़ोसियों एवं अन्य प्रियजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ए.के सारस्वत, जिला परियोजना अधिकारी सारक्षर बुद्धविलास सिंह सहित स्काउट-गाइड प्रभारी शिक्षक, प्राचार्य एवं स्काउट-गाईड के विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मानव श्रृंखला बनाकर मतदान की अपील

**कांकेर, 20 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत गोविंदपुर में संचालित विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदान की अपील की गई। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कांकेर में मतदान के लिए 07 दिवस शेष बचे हुए हैं। इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम में मानव श्रृंखला के माध्यम से सात दिवस पश्चात् 26 अप्रैल 2026 को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूक के लिए प्रेरित किया गया है।

## रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा नगर



**सुकमा, 20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रामनवमी के अवसर पर सुकमा जिला मुख्यालय में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए। शोभा यात्रा में झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। जिससे पूरा शहर राममय हो गया। इस दौरान पूरा नगर जय श्री राम के जयकारों से गूंजने लगा।बुधवार जिला मुख्यालय स्थित राम मंदिर में पूजा अर्चना के के बाद शोभायात्रा प्रारंभ हुआ। राममंदिर से गादीरास चौक होते हुए बस स्टैंड चौक, मलकानगिरी चौक होते हुए हनुमान चौक से शोभा यात्रा राजवाड़ा स्थित माता मंदिर पहुंचा। जहां शोभा यात्रा का समापन हुआ। वही शोभायात्रा में डीजे सहित विभिन्न नृत्य दलों के द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं राम भक्तों के द्वारा भी डीजे की धुन पर झूम उठे। इस दौरान जय श्री राम जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। इस शोभायात्रा में महाराष्ट्र आरंभ ढोल ताशा हरियाणा से अघोरी झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र था। शोभा यात्रा का समापन राजवाड़ा स्थित माता मंदिर में विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ।

**जय श्री राम के जयकारों से गुंजा नगर**-शोभायात्रा में शामिल सभी वर्गों के लोगों काफी उत्साह देखने को मिला। जैसे ही शोभायात्रा प्रारंभ हुआ डीजे के धुन में सभी लोग घूमने लगे। जिसे बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुई। इस दौरान जय श्री राम कर जयकारों से नगर गूंज उठा। राम भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

**जगह-जगह किए शरबत इत्यादि का वितरण**-वही शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। वहीं जगह जगह पर शरबत इत्यादि का वितरण विभिन्न समितियां के द्वारा किया गया। वहीं हनुमान चौक में श्री राम सेवा दल के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति ईश्वर सभी लस्सी वितरण किया।

**सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम**-रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा की लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। शोभायात्रा निकालने से पहले ही नगर मुख्य चौक चौराहा सहित जगह-जगह पर पुलिस एवं सीआरपीएफ जवान तैनात किए गए थे।

## विस्फोटक सामग्री बरामद



**सुकमा, 20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिले से हैं जहां भारी मात्रा में नक्सलियों के द्वारा दो अलग-अलग जगहों पर डंप हथियार/विस्फोटक सामाग्री बरामद किया गया। नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला सुकमा के थाना किस्टाराम क्षेत्रान्तर्गत जिला बल, 208 वाहिनी कोबरा, 217 व 212, 241 वाहिनी सीआरपीएफ, बस्तर बटालियन की द्वारा विशेष नक्सल अभियान संचालित किया गया था। तोंडामार्का एवं डाब्बमार्का के जंगल पहाड़ी इलाके में सर्चिंग के दौरान मौके पर नक्सली दैनिक उपयोगी सामाग्री बरामद किया गया। डाब्बामार्का की जंगल एवं पहाड़ी की सर्चिंग करने पर अभियान पश्चात् जिला बल, कोबरा एवं सीआरपीएफ टीम सुरक्षित कैम्प वापस लौटी।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान का लिया जायजा

**जगदलपुर,20 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दिवस में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान स्थिति का जायजा लिया और सुचारू ढंग से मतदान सम्पादित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने भगत सिंह स्कूल, आड़ावाल स्कूल, अघनपुर स्कूल में स्थापित मतदान केंद्रों सहित प्राथमिक शाला डोंगरीपारा, पूर्व माध्यमिक शाला कंगोली, शांति नगर स्कूल, केवरामुंडा स्कूल, भीमराव अंबेडकर स्कूल में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया की गतिविधियों को गति देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मतदाताओं की सुविधाओं का संज्ञान लिए और गर्मी को देखते हुए छाया एवं पेयजल सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी भी उपस्थित थे।

### कमिश्नर धावड़े एवं आईजी सुंदरराज ने मतदान केन्द्रों पर मतदान स्थिति का लिया जायजा

जगदलपुर,20 अप्रैल । कमिश्नर बस्तर श्री श्याम धावड़े और आईजी बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी.ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 19 अप्रैल शुक्रवार को बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदान स्थिति का जायजा लिया और शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से मतदान सम्पादित किये जाने के निर्देश मतदान दलों तथा सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। वहीं मतदाताओं से रूबरू होकर उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। कमिश्नर बस्तर श्री श्याम धावड़े और आईजी बस्तर श्री सुंदरराज पी.ने नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक शाला बड़े आमाबाल स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 198 का निरीक्षण कर यहां पर एक साथ महिला एवं पुरूष मतदाताओं की ज्यादा संख्या को देखते हुए बुजुर्ग एवं महिला मतदाताओं को पहले मतदान करवाने सहित मतदान प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए। वहीं बुजुर्ग मतदाताओं के बैठने की व्यवस्था किये जाने कहा। साथ ही पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर और आईजी ने चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के माध्यमिक शाला छापर भानपुरी में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 58 तथा प्राथमिक शाला में स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 59 का जायजा लिया।

#### लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ने अनोखी कलाकारी से किया मतदाताओं को जागरूक

**धमतरी,20 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में अनेकों स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी को आज एक और अनोखी कलाकारी भेंट की गई। दरअसल जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड स्थित ग्राम मोदे के लीफ आर्टिस्ट एवं युवा कवि ने पीपल के पत्तों पर ग्लोब, भारत के नक्शा पर उंगली के निशान, संसद भवन और हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख इसाई चारों धर्म के व्यक्तियों को दर्शाता पीपल का पत्ते पर उकेरा, जिसे आज कलेक्टर सुश्री गांधी को उनके कक्ष में आकर भेंट किया।

एक नजर

## सीएमएचओ चंद्रवंशी ने सीएचसी नौरंगपुर का निरीक्षण किया



**रायगढ़, 20 अप्रैल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री बी.के.चंद्रवंशी ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौरंगपुर, व्ही.एच.एन.डी. सत्र सराईपाली एवं पुटकापुरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी टीकाकृत बच्चों को गर्मी एवं धूप को देखते हुए टीकाकरण के तुरंत बाद संस्था से न जाने देने एवं थोड़े समय पश्चात् जाने देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने टीकाकरण को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने हेतु विशेष निर्देश दिये। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने अस्पताल के साफ-सफाई, ड्यूटी रोस्टर 24×7 के अनुसार अपने निर्धारित समय तथा ड्रेस कोड के अनुसार मुख्यालय में निवासरत होकर कार्य करने तथा लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर सभी आवश्यक जांच करने के निर्देश दिये। आयरन एवं कैल्शियम दवाएं गर्भवती महिलाओं के द्वारा सेवन किये जा रहे हैं अथवा नहीं के संबंध में महिला पर्यवेक्षक एवं आर.एच.ओ.को फालोअप के लिए निर्देशित किया गया। 40 वर्ष से कम उम्र की सभी पुरूष एवं महिलाओं को सिकल सेल जांच करने के विशेष निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित पाये गये।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों के लिए मंगाये गये ऑनलाईन आवेदन

**रायगढ़, 20 अप्रैल।** प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। जिसके लिए वर्ष 2024-25 में इन विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र मंगाये गये है। जिसके तहत ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 23 अप्रैल निर्धारित है। जिसकी अंतिम तिथि 17 मई 2024 रात्रि 12 बजे तक है। ऑनलाईन आवेदन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 18 से 20 मई रात्रि 12 बजे तक, प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 9 जून रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। ऑनलाईन आवेदन हेतु लिंक https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-admission-Detail है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट एवं जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास/परियोजना प्रशासक कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

## विकासखंड स्तरीय स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रायगढ़, 20 अप्रैल।** नई शिक्षा नीति के तहत आधारभूत संख्यात्मक एवं साक्षरता ज्ञान एफएलएन के तहत विकासखंड के बच्चों में पढ़ने की दक्षता के जांच हेतु विकासखंड स्तरीय स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन आज बीआरसी भवन रायगढ़ में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम स्थान प्राप्त चयनित बच्चों के द्वारा भाग लिया गया। यह प्रतियोगिता प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में उपस्थित समस्त बच्चों में सबसे शुद्धता एवं तेज गति से पढ़ने का पुरस्कार प्राथमिक शाला पटेलपाली कक्षा पांचवी में अध्ययनरत श्री गगन गुप्ता संकुल केंद्र तारकेला, क्लब क्लस्टर कोतरा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार कुमारी जरीना फातिमा प्राथमिक शाला रेगड़ा ने द्वितीय तथा दीपेश चौहान प्राथमिक शाला बेहरापाली, कक्षा तीसरी संकुल केंद्र जामगांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कुल 13 संकुलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें से सभी उपस्थित बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में मेडल प्रदान किया गया। विकास खंड स्तरीय इस प्रतियोगिता का संचालन सीएसी राजकमल पटेल संकुल केंद्र तारापुर, स्कोरर श्री सौरभ पटेल सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला औराभाटा एवं निर्णायक श्री खगेश्वर साहू, श्री रविंद्र पटेल प्रधान पाठक रहे। इस अवसर पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के शिक्षक, संकुल समन्वयक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बीआरसी श्री मनोज अग्रवाल के द्वारा प्रतियोगिता आयोजन के उद्देश्य तथा आगामी रणनीतियों के संबंध में समस्त उपस्थित जनों को संबोधित किया।

### ताम्रध्वज साहू के प्रचार के लिए नपाध्यक्ष राशि शहर के बाद अब पहुंच रहीं गांव-गांव

# महुआ एकत्र कर रही महिलाओं के बीच किया लोकसभा चुनाव का प्रचार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,20 अप्रैल।** महासमुंद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को जिताने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने प्रचार-प्रसार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वे शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रचार करने के लिए पहुंच रही है। शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती महिलांग प्रचार करने के लिए महासमुंद विधानसभा के पटेवा क्षेत्र के ग्राम भावा, रामसागरपारा सिनोधा समेत आसपास के अन्य गांवों में प्रचार करने के लिए पहुंची। इस दौरान रामसागर पारा में महुआ फल बिन रही महिलाओं के साथ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग महुआ बिनते हुए अनोखे तरह से प्रचार करते हुई नजर आई। उन्होंने महिलाओं को कांग्रेस के घोषणा पत्र के संदर्भ में भी जानकारी दी। कांग्रेस के घोषणा पत्र में महालक्ष्मी योजना के बारे में बताया जिसमें हर गरीब महिलाओं को केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर एक लाख रुपए सालाना दिए जाने की घोषणा शामिल है। उन्होंने महिला मतदाताओं से कहा कि यह सब तभी संभव होगा जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी इसके लिए महासमुंद लोकसभा से ताम्रध्वज साहू को जीतने में आप सभी को अहम भूमिका निभानी होगी।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत दीप जलाकर मतदान करने का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम, 20 अप्रैल।** जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक कुमार अग्रवाल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद व नोडल अधिकारी बुद्धविलास सिंह के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन हेतु शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है.। इसी तारतम्य में 17 अप्रेल को जिले के चौंक चौराहे एवं घरों में दीप जलाकर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया.वहीं लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का वोट हमारा है अधिकार,करें नहीं इसको बेकार सन्देश नारे के माध्यम से दिया जा रहा है। इस अवसर पर पूरन लाल साहू (ब्लाक नोडल अधिकारी फिंगेश्वर) ने कहा कि लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना आवश्यक है.लोकसभा निर्वाचन में गरियाबंद जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 26 अप्रेल 2024 को गरियाबंद जिले में शत प्रतिशत मतदान हेतु रंगोली, चित्रकला,नुक्कड़ नाटक,स्लोगन,सायकल रैली, बाइक रैली एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को प्रेरित की जा रही है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 20 अप्रैल।** विकसित भारत के तहत जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका (गरियाबंद) में जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सारस्वत के निर्देशन में सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी बुद्धविलास सिंह (सहायक जिला परियोजना अधिकारी) ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा वडनगर जिला मेहराणा गुजरात स्थित स्थानीय भाषा विद्यालय जहाँ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपनी शिक्षा यात्रा का प्रारम्भ किए थे.जिसे प्रेरणा विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है.प्रेरणा अनुभव पर आधारित शिक्षा कार्यक्रम की शुरुआत की है जिसका उद्देश्य सभी प्रतिभागियों को एक सार्थक,अद्वितीय और प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना है. जिससे उन्हें नेतृत्व के गुणों के साथ सशक्त बनाया जा सके.उन्होंने आगे बताया कि प्रेरणा कार्यक्रम में नवमी से बारहवीं तक के छात्र छात्राएं भाग ले सकेंगे. इसके लिए स्कूल, ब्लाक एवं जिला स्तर पर चयन किया जाएगा. प्रेरणा कार्यक्रम को एक नई शिक्षा नीति के तहत आई आई टी गांधीनगर के द्वारा तैयार किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारत की विशेषता अखंडता में एकता को बनाए रखने के लिए तरीका प्रेरित करना है. इसके अलावा अन्य लक्ष्य युवाओं में वसुधैव कुटुंबकम के भाव को जागृत करना भी है ताकि कल विश्व को भारत की ओर से यूनिवर्सल सिटीजंस मिल सके.प्राचार्य महेंद्र राम ने बताया कि प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में जिले के 25 विद्यालयों के छात्र छात्राएं इस प्रतियोगिता में शामिल हुए.वहीं विद्यार्थियों कों सूक्ष्म जलपान एवं भोजन व्यवस्था जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका द्वारा कराया गया.इस अवसर पर श्रम पदाधिकारी एलन मिंज प्राचार्य महेन्द्र राम,पूरन लाल साहू,हुलास राम साहू,दीपक कुमार बौद्ध,सतीश तिवारी,उप प्राचार्य यू के राठिया,शिक्षक आर एन सोन, ममता, ए. के. राणा, एम के पांडे, टी आर साहू,कृपा दलई व्याख्याता सीमा साहू,अजय यादव,ज्ञानेंद्र शर्मा,सतीश मालवीय, जितेंद्र साहू, महिमा तिर्की,वंदिता गोधेजा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।ह्य

## रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए 6 अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र



**रायगढ़, 20 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक-02 के लिए आज 6 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म जमा किया गया है। जिनमें डॉ.मेनका देवी सिंह-इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्री पर्वत ईश बादल एक्का-सर्व आदि दल, श्री गोवर्धन राठिया-सुंदर समाज पार्टी, श्री अभय कुमार एक्का-निर्दलीय, श्री उदय कुमार राठिया-हमर राज पार्टी एवं श्री महेन्द्र कुमार सिदार-भारत आदिवासी पार्टी ने नामांकन फार्म जमा किए। अंतिम तिथि 19 अप्रैल तक कुल 15 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकनलोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत अंतिम तिथि 19 अप्रैल तक कुल 15 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किए है। जिनमें श्री राधेश्याम राठिया-भारतीय जनता पार्टी, श्री प्रकाश कुमार उरांव-निर्दलीय, श्री रूपनारायण एक्का-बहुजन मुक्ति पार्टी, श्री मदन प्रसाद गोंड-गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, श्री भवानी सिंह सिदार-हमर राज पार्टी, श्री गुलेश्वर पैंकरा-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, अलबर्ट मिंज-हमर राज पार्टी, इनोसेंट कुजूर-बहुजन समाज पार्टी, डॉ.मेनका देवी सिंह-इंडियन नेशनल कांग्रेस, पूजा सिदार-निर्दलीय, श्री पर्वत ईश बादल एक्का-सर्व आदि दल, श्री गोवर्धन राठिया-सुंदर समाज पार्टी, श्री अभय कुमार एक्का-निर्दलीय, उदय कुमार राठिया-हमर राज पार्टी एवं श्री महेन्द्र कुमार सिदार-भारत आदिवासी पार्टी ने नामांकन फार्म जमा किए।22 अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि, 7 मई को होगा ।

## मोदी सरकार के कार्यकाल में आदिवासियों का सम्मान:देवेंद्र प्रताप



**महासमुन्द , 20 अप्रैल।** 18 अप्रैल को राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, महासमुन्द विधानसभा क्षेत्र के अनेक स्थानों पर आयोजित सभा एवम बैठकों में शामिल होकर आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्यासी रूपकुंमारी चौधरीं के पक्ष में मतदान की अपील किया ।राज्यसभा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह के महासमुन्द विधानसभा के सिरपुर क्षेत्र में आगमन पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित भाजपा पदाधिकारियो द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया । राज्यसभा सदस्य देवेन्द्र प्रताप ने, सिरपुर क्षेत्र के बाँसकुड़ा पट्टी नम्बर 1,सेन समाज भवन,ग्राम अमलोर,झलप में आयोजित अनुसूचित जाति जनजाति सामाजिक प्रमुखों की उपस्थित सभी सभाओं और बैठक जनसम्पर्क में उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के 10 वर्षो के कार्यकाल में भारत देश ने विकास और जनकल्याण कार्यो के क्षेत्र में बनाई गई योजनाओ से ऐतहासिक उपलब्धियां हासिल किया है 7 देवेंद्र प्रताप ने कहा कि मोदी जी के कार्यकाल में सभी वर्गों के उत्थान और विकास के लिए कार्य हुए है परंतु आदिवासी समाज के हितो के लिए भाजपा की केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने प्राथमिकता से कार्य किया है 7 मोदी जी की सरकार ने आज देश की सर्वोच्च शिखर पर राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी समाज की महिला को प्रतिनिधित्व दिया है 7 प्रदेश की सरकार के नेतृत्वकर्ता के रूप में मोदी जी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को अहम जिममेदारी देकर आदिवासी समाज का मानसम्मान बढ़ाया है 7 देवेंद्र प्रताप ने कहा मैं स्वयं आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए आज राज्यसभा सदस्य के रूप में छग प्रदेश की हितो की बात रखने उच्च सदन तंक पहुंचा हु तो इसमें प्रधानमंत्री मोदी जी के आदिवासी समाज को सर्वाधिक प्रतिनिधित्व देने की मंशा स्पष्ट प्रमाणित होती है 7 भाजपा प्रत्यासी रुपकुमारी चौधरीं जी को लोकसभा प्रत्यासी बनाकर महिला वर्ग की सरकार में भागीदारी सुनिश्चित करना मोदी जी की सरकार की सबका साथ सबका विकास की कल्पना को सार्थक कर रहा है 7 केंद्र की भाजपा सरकार की आदिवासी समाज सहित सभी वर्गों के जनकल्याण के लिए संचालित अनेकों महत्वपूर्ण योजनाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए , राज्यसभा सदस्य देवेंद्र प्रताप ने सिरपुर क्षेत्र में पर्यटन के विकास की असीम सम्भावनाओ को देखते हुए कहा कि मोदी जी की केंद्र में सरकार बनने पर इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भरपूर प्रयास उच्च स्तर पर किया जाएगा ।

## कड़ी सुरक्षा के बीच बीजापुर में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न

**बीजापुर, 20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण का मतदान बस्तर संसदीय क्षेत्र में आज 19 अप्रैल को सम्पन्न हुआ संसदीय क्षेत्र बस्तर में शामिल विधानसभा बीजापुर - 89 में मतदान को लेकर सुनियोजित ढंग से पूरी तैयारी की गई थी जिसमें सम्पूर्ण मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पादित हुई।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सम्पन्न हुआ पर्याप्त मात्रा मे चप्पे-चप्पे में सुरक्षा की व्यवस्था केन्द्रीय रिजर्व बल एवं छत्तीसगढ़ पुलिस की तैनाती की गई थी।विधानसभा क्षेत्र क्रमांक -89 अर्न्तगत 245 मतदान केन्द्रों के लिए रिजर्व दल सहित कुल 348 दलों में 1392 मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गई थी। वहीं कुल 60 सेक्टर अधिकारी एवं 67 माइक्रो आर्ब्जवर द्वारा मतदान कार्य सम्पन्न कराया गया। कुल दलों में 76 अतिसंवेदनशील क्षेत्रों के लिए मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से तीन दिन पूर्व से मतदान केन्द्रों में भेजने की कार्रवाई की गई।महिला, दिव्यांग, युवा एवं आदर्श मतदान केन्द्र रहेगा आकर्षण का केन्द्र- लोकसभा आम निर्वाचन के मतदान हेतु जिले में कुल 10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है जिसे केवल महिला कर्मियों द्वारा संचालित किया गया जिसमें रालापल्ली 29, गोटाईगुड़ा 32, भैरमगढ-1 41, भैरमगढ़, भैरमगढ़ -2 144, बीजापुर 156, 158, 161, 165, 166 एवं 167 शामिल हैं। इसी तरह दिव्यांग कर्मियों द्वारा बीजापुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 163 को दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा संचालित की गई।जिले के कुल 05 मतदान केन्द्रों को युवाओं द्वारा संचालित किया जाएगा जिसमें भोपालपटनम, भैरमगढ़ के 2-2 एवं बीजापुर तहसील के 1 मतदान केन्द्र शामिल है। इसी तरह 5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है जो आकर्षण का केन्द्र रहा जिसमें गोटाईगुड़ा 32, भैरमगढ़ 141, बीजापुर-1 163, बीजापुर-2 165 एवं बीजापुर -3 में 166 शामिल है।



## लोकसभा निर्वाचन की झलकियां मतदाताओं के मन भाया

**बीजापुर, 20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में 19 अप्रैल मतदान दिवस कई मायनों में मतदाताओं के स्मृति पटल पर अमिट तस्वीर छोड़ गई है। प्रशासन की मुस्तैदी और जिला निर्वाचन की स्वीप कार्यक्रम और आदर्श मतदान केन्द्र सहित जिले भर के मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं की मतदाता सराहना कर रहे हैं। बुर्जुग, दिव्यांग, गर्भवती माताओं एवं थर्ड जेंडर मतदाताओं को प्राथमिकता क्रम में रखते हुए जिला निर्वाचन की संवेदनशील पहल देखने को मिली।



जिले में पांच आदर्श मतदान केन्द्रों को पच्चटद वोटवाटड की थीम पर तैयार किया गया जिसमें ताड़ी, छिंद एवं सल्फी की पत्तियों से केन्द्र को छांयादार एवं बांस शिल्प कला के माध्यम से बैठक व्यवस्था, तेज गर्मी से बचाव हेतु कुलर, मटके में शीतल पेयजल की सुविधा, स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी, दिव्यांग बुर्जुग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर के अलावा सहायता के लिए एनएसएस, एनसीसी, स्काऊट गाईड एवं रेड क्रॉस वालेंटियर की व्यवस्था को मतदाताओं ने बहुत पसंद किया, जिले में इस पहल की प्रशंसा हो रही है।

चाक-चौबंध सुरक्षा से मजबूत होता लोकतंत्र जिले में तमाम विपरीत परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में केंद्रीय सुरक्षा बल और पुलिस के जवानों की मुस्तैदी के बीच शांतिपूर्वक मतदान संपन्न किया गया।

पहले मतदान-फिर जलपान -मतदान केन्द्रों में गर्मी के देखते हुए सुबह से ही मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला। खासकर महिलाओं ने सभी काम छोड़कर पहले मतदान करने कतार में दिखे। सुबह 6 बजे से कतारबद्ध मतदाताओं ने कहा पहले मतदान-फिर जलपान। शिशुवती महिलाएं गोद में बच्चा लिए कतार में खड़ी होकर जल्द मतदान करने को ही प्राथमिकता दी।एनएसएस, एनसीसी, स्काऊट गाईड, वालेंटियर बने दिव्यांग मतदाताओं के लिए सारथीजिले के मतदान केन्द्रों से दिव्यांग मतदाताओं को व्हील चेयर के माध्यम से मतदान में सहयोग करते हुए एनएसएस, एनसीसी, स्काऊट गाईड, वालेंटियर नजर आए। लोकतंत्र के इस महापर्व में ये युवा अपनी जरूरतमंदों की सहायता कर अपनी सहभागिता निभा रहे थे। सेल्फी जोन में सेल्फी लेकर मतदाताओं ने सोशल मीडिया में शेयर की तस्वीरआदर्श मतदान केन्द्र सहित जिले के संगवारी मतदान केन्द्रों में सेल्फी जोन रखे गये थे जिसमें मतदाताओं ने मतदान करने के पश्चात सेल्फी लेकर सोसल मीडिया में अपनी तस्वीरें शेयर की। दिव्यांग रथ ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिकादिव्यांग मतदाताओं को उनके मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में दिव्यांग रथ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## लोकसभा निर्वाचन को लेकर पत्रकारों में उत्साह का माहौल



**बीजापुर, 20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज 19 अप्रैल को प्रथम चरण के मतदान में बीजापुर जिले के पत्रकारों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मतदान करने के पश्चात मतदान केन्द्र के सेल्फी जोन में फोटोशूट करा कर अपना फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर सशक्त और मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक वोट के महत्व के संदेश को जनमानस तक पहुंचाया जिसमें महिला पत्रकार श्रीमती पुष्पा रोकड़े, कमलेश्वर सिंह पैकरा, सिरोज विश्वकर्मा, सुनील मर्सकोले सहित विभिन्न पत्रकारों ने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# मिलनसार, सरल स्वभाव के धनी अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष का जन्मदिन मनेगा धूमधाम से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जशपुर, 20 मई।** जशपुर जिला के ब्लाक कांसाबेल के पत्थलगांव मार्ग पर स्थित ग्राम पोंगरो में पुलिस विभाग में कार्यरत एक सिपाही जगबंधन साय और गृहिणी श्रीमती राजकुमारी देवी के घर 21 अप्रेल 1976 को एक जन सेवक रूपी बालक का जन्म हुआ, जिसे लोग आज सालिक साय के नाम से जानते हैं और जिन्हें लोग प्यार से ( बबलू साय ) के नाम से भी जानते है । बचपन से ही सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता और लोगों के लिए मदद करने के स्वभाव की वजह से सालिक साय की पहचान एक लोकप्रिय आदिवासी जन सेवक नेता के रूप में होती है। जगबंधन साय और राजकुमारी साय के 2 पुत्री और एक पुत्र है बचपन मे ही सालिक साय के सिर से माँ राजकुमारी का साया उठ गया, जिसकी वजह से घर परिवार की सभी जवाबदारी सालिक साय के कंधों पर आ गई। बचपन मे ही माँ की ममता से वंचित सालिक साय को माँ के प्यार को दोनो बड़ी बहनों ने पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी ।

वही सालिक साय शुरू से ही जूझारू प्रवर्ती के रहे है दोनो बड़ी बहनों के साथ स्वयं की पढ़ाई लिखाई करने के लिए बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सालिक साय को शिक्षा दिक्षा दिलाने में बड़ी दीदी सुशीला साय और पूर्व जनपद सीईओ आर एच साय, बहन कौशल्या साय एवं वर्तमान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का अहम योगदान रहा । सालिक साय अपने स्वभाव के अनुरूप पान दुकान चलाने से लेकर ड्राइवरी तक के काम करने में कभी संकोच नहीं किया । बड़ी बहने सुशीला साय और कौशल्या साय की शादी कराने की जवाबदारी भी इन्हीं के कंधे पर थी । दोनो बड़ी बहनों की शादी अच्छे परिवार में किया । बड़ी बहन सुशीला साय जनपद पंचायत सीईओ की पत्नी तो वही मझली बहन कौशल्या साय प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी है । वर्तमान में सालिक साय अपनी पत्नी श्रीमती सबन्ति साय और 2 बेटी और 1 बेटा का एक परिवार है।सालिक साय दो दशक से अधिक समय से लगातार भाजपा पार्टी की सेवा कर रहे है और नए सदस्यता विस्तार के लिए बूथ स्तर तक के छोटे कार्यकर्ता और नेताओं की बैठक लेकर भाजपा के लिए सतत नए सिपाही तैयार करने में लगे रहते हैं विगत पंचवर्षीय कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़े होकर उनका मनोबल बढ़ाया है और विधानसभा में कांग्रेस के विधायक होने के बावजूद भाजपा को मजबूत करने के लिए सड़क पर उतरकर अनेको आंदोलन किये । सालिक साय की व्यापक लोकप्रियता और कुशल रणनीति की बदौलत दो दो बार कांग्रेस के दिग्गज आदिवासी नेता रामपुकार सिंह के इस अभेद किले को भेदने के लिए व्यूहरचना तैयार कर सीट को भाजपा की झोली में डालने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। एक नज़र- छात्र राजनीति से भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष तक का सफर

1994: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से राजनीतिक जीवन की शुरूवात , 1996 ~ भारतीय जनता पार्टी प्राथमिक सदस्यता (स्व. दिलीप सिंह जूदेव एवं विष्णुदेव साय के सानिध्य में राजनीतिक सफर की शुरूवात किया । 2000 ~ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा सदस्य , 2002 - मंडल मंत्री (युवा मोर्चा), मंडल-कांसाबेल , 2005-2010 - अध्यक्ष-जनपद पंचायत कांसाबेल , 2006 - विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा , 2010-2015 ~ जनपद उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत कांसाबेल , 2015-2020 ~ सदस्य, जनपद पंचायत-कांसाबेल एवं दोकड़ा मंडल प्रभारी व बुथ पालक-टांगरगांव , 2017 से 2019 से सदस्य, जिला कार्यसमिति जिला-जशपुर , मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल - कांसाबेल 2020 से ~ जिला पंचायत सदस्य व सभापति कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत जशपुर 2021 से ~ जिला सह प्रभारी अनुसूचित जनजाति मोर्चा, जशपुर 2023 से ~ प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, छत्तीसगढ़ एवं चुनाव संचालक, विधानसभा पत्थलगांव।

**सामाजिक जीवन की बड़ी जवाबदारी**

-2006-2008 ~ सदस्यता प्रभारी (अखिल भारतीय कंवर समाज), 2008-2010 - सलाहकार समिति (अखिल भारतीय कंवर समाज) के पद पर रह कर समाज के प्रति अपनी सेवा दे रहे है ।

**कांग्रेस के किला को किया ध्वस्त**

सालिक साय अपने राजनितिक गुरु कुमार स्व दिलीप सिंह जूदेव और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सानिध्य में रहकर राजनैतिक गुर सीखे हैं। जूदेव परिवार और मुख्यमंत्री के करीबी होने विष्णु देव साय के चहेते होने के कारण पत्थलगांव विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गोमती साय के चुनाव संचालक की कमान देकर बड़ी जवाबदारी इन्हें सौपी। जिसे अपने कुशल और विशेष रणनीति तैयार कर पत्थलगांव के अजेय किले को जिताने में भी अहम भूमिका निभाई है। पत्थलगांव विधानसभा को कांग्रेस के जबड़े से छिनकर भाजपा की झोली में डालने वालों की सूची में सबसे पहला नाम सालिक साय का आता है, वे लगातार पिछले बीस वर्षों से एक सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र की देवतुल्य जनता की सेवा करते आ रहे हैं।

# महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा दृढ़संकल्पित : टंकराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 20 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के लिए प्रचार अभियानों में से एक प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार द्वारा अपने वादे को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की इकहत्तर लाख से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर व सुपोषित बनाने प्रति माह 1000 धनराशि दे रही है, ऐसे लाभार्थियों को लेकर तीन-चार बूथ को मिलाकर भाजपा द्वारा एक शक्ति केंद्र बनाया गया है, ऐसे जिले के 173 शक्ति केन्द्रो में भाजपा द्वारा शक्ति वंदन का कार्यक्रम कर भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में समर्थन मांग रहे हैं, इसी क्रम में विधानसभा भाजपा कार्यालय गंजपारा बालोद में शक्ति केंद्र स्तरीय महतारी वंदन का कार्यक्रम रखा गया इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राजस्व एवं खेल मंत्री टंक राम वर्मा, जिला अध्यक्ष पवन साहू, वरिष्ठ नेता व लोकसभा क्लस्टर सह प्रभारी यशवंत जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, प्रतिभा चौधरी, पार्षद राजू पटेल, के साथ बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि देश में मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी होने की गारंटी है, मोदी है तो मुमकिन है, मोदी के नेतृत्व में आज देश में तेजी से विकास हो रहा है केवल भाजपा ही हर वर्ग

**बालोद स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित महतारी वंदन कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री**



को लेकर काम कर रही है सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास के साथ भ्रष्टाचार मुक्त सरकार शोषित, वंचित, गरीब सहित अंतिम व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के साथ समाज के मुख्य धारा से जोड़ रही है महिलाओं को सम्मान की रक्षा अगर कोई कर रही है तो वह नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार है खुले में शौच से मुक्ति, हर घर नल, अन्नपूर्णा मातृशक्ति के सम्मान में राशन कार्ड पर उनका नाम, आने वाले 5 वर्षों तक 80 करोड़ जनता को निशुल्क राशन, महिलाओं का आरक्षण, मातृशक्ति को आत्मनिर्भर व सुपोषित करने उनके खाते में प्रतिमाह 1000 से लेकर 3 करोड़ मातृशक्ति को लखपति दीदी बनाने सहित मातृशक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए तेजी से भाजपा की सरकार काम कर रही है, वही सुनिश्चित हार की हताशा में कांग्रेस के लोग फॉर्म लेकर महिलाओं के पास जा रहे हैं, प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए का प्रलोभन देने पिछले विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने प्रति माह पांच सौ रु देने का वादा किया था, उसे पूरा नहीं कर पाए अब एक लाख देने का वादा कर रहे हैं, इस भ्रम में मातृशक्ति नहीं आने वाली है, कांग्रेस ने 5 साल में केवल प्रदेश को लूटने का काम किया अपना कोई भी वादा पूरा नहीं कर पाए हैं, अब झूठा वादा कर रहे हैं, कैबिनेट मंत्री उपस्थित महिलाओं के बीच बैठकर उनका सुख दुख जाना एवं उनकी समस्याओं से अवगत हुए इस बैठक को जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू एवं भाजपा नेता यशवंत जैन ने भी संबोधित किया एवं आमंत्रित किया कि विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो हर वर्ग के लिए काम कर रहे हैं, उन्हें सीधे सुनने व देखने कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के समर्थन में धमतरी में विशाल जनसभा को संबोधित करने 23 अप्रैल को दोपहर 3:00 बजे आ रहे हैं।

उन्होंने सभी को अपिल किया कि सभा में शामिल होकर प्रधानमंत्री को सुने, इस बैठक में अमित चोपड़ा, अंबिका यादव, संतोष कौशिक, नरेंद्र सोनवानी, प्राची लालवानी, हितेश्वरी कौशिक, डॉ मोना टुवानी, शांति देवी सोनवानी, मनोज चांडक, प्रफुल्ल पटेल, शंभू पटेल, ओम प्रकाश शर्मा, रमेश मालेकर, जीतू निर्मलकर, गिरीश नायडू, धीरूभाई पटेल, अजय बाफ्ना, शांति ठाकुर, सहित भाजपा कार्यकर्ता व सैकड़ो की संख्या में लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रही।

## एक नजर

### शिकायत और सुझावों के लिए आब्जर्वर से कर सकते हैं सीधा संपर्क

**बलौदाबाजार, 20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में आचार संहिता लागू होने के पश्चात निष्पक्ष निर्वाचन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के लोकसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग पुलिस आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। जिसके अनुसार लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 3 जांजगीर एवं क्रमांक 8 रायपुर के लिए विपीन आहिरे, आईपीएस पुलिस महानिरीक्षक, मोबाईल नंबर 76470-46304 को पुलिस आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा क्षेत्र के लिए निर्वाचन से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए दिये गये मोबाईल नंबर पर कान्टेक्ट कर सकते है। कोई भी व्यक्ति पुलिस आब्जर्वर से सीधे सम्पर्क कर सकता है। कोई भी चुनाव संबंधी सुझाव दे सकता है। किसी भी प्रकार के शिकायत कर सकता है।

### पेयजल की व्यवस्था के लिए उपखण्ड एवं विखं स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना

**बलौदाबाजार, 20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर जिले में आगामी समयों में पेयजल व्यवस्था की निरंतरता बनाये रखने एवं हैण्डपंप संधारण संबंधी शिकायतों के तत्काल निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा उपखण्ड एवं विकासखंड स्तर में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। जिला स्तर के लिए कन्ट्रोल रूम प्रभारी सहायक मानचित्रकार सुभाष तिग्गल को नियुक्त किया जाता हैं। पेयजल व्यवस्था एवं हैण्डपंप संधारण संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने पर उसे रजिस्टर में इंद्राज कर संबधित उपखण्ड के सहायक अभियंता को अवगत करायेंगे। कन्ट्रोल रूम प्रभारी का मोबाईल नम्बर 98934-47642 पर आवेदक अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है। इसी तरह विकासखंड एवं उपखंड बलौदाबाजार एवं पलारी के लिए आर.के. ध्रुव 97539- 17189, भाटापारा एवं सिमगा के.एल. देवांगन 98262-09612, कसडोल मनोज दाखोड़े 81092-00800 शामिल है। इसी प्रकार बलौदाबाजार विकासखण्ड के लिए कलीराम पैकरा 98261-76821, पलारी संदीप लारेन्स 79870-00945, भाटापारा रीना सिंग 72239-45588, सिमगा मंजु मानिकपुरी 98262-09612 तथा कसडोल सुदर्शन सिंह मरावी 86021-51705 को प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्त नम्बरों में पेयजल एवं हैंडपंप में समस्या होने पर शिकायत दर्ज करा सकतें है।

### विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**कोरबा, 20 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता एवं मतदाता सहभागिता के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिला, पुरूष, युवा सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। शासकीय हाई स्कूल स्याहीमूड़ी में मतदान जागरूकता अभियान के तहत मतदान आवश्यक है, कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल की प्राचार्य डॉ. फ़रहाना अली के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोगो को मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वीप प्रभारी प्रभा साव ने बताया कि विद्यार्थियों के माध्यम से उनके परिवार और आसपास के लोगों को मतदान की आवश्यकता और मतदान के अधिकार के विषय में समझाया गया।

### ट्रक की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**तिवरैया, 20 अप्रैल।** ग्राम तिवरैया के पास ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक किशन लाल वर्मा 41 वर्ष ग्राम मांढर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम तिवरैया के पास ट्रक क्रमांक सीजी 08 एए 3448 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे किशन की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

## चेकिंग अभियान: पुलिस ने अवैध कबाड़ व्यापारियों पर की बड़ी कार्रवाई

# 7 कबाड़ संचालकों से साढ़े तीन लाख रुपए के सामान जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 20 अप्रैल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने तथा चोरी का सामान खरीदने वाले कबाडियो पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण, निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे थाना प्रभारी भाटापारा शहर एवं निरीक्षक गोपाल ध्रुवे थाना प्रभारी सिमगा के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर चोरी का समान लेने वाले कबाडियो पर निगाह रखी जा रही थी।

इसी क्रम मे भाटापारा शहर, ग्रामीण एवं सिमगा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न कबाडी दुकानों पर आकस्मिक दबिश देकर चेकिंग एवं जांच तस्दीक अभियान चलाया गया। इस दौरान कबाडी दुकानों में चोरी का माल खरीदने एवं बिक्री किए जाने की आशंका पर पूछताछ करते हुए चेकिंग अभियान संपादित किया गया। संपूर्ण चेकिंग अभियान में 07 कबाडी संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल ?3, 45, 100 का कबाड़ सामान जप्त किया गया है।





कि सभी 07 आरोपी कबाडी संचालकों के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर, ग्रामीण एवं सिमगा में धारा 41(1+4) एवं 379 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई

### आरोपी कबाड़ संचालकों के नाम, जब्त सामानों का विवरण

मो. जावेद पिता सलीम मुसलमान उम्र 34 साल निवासी सदर वार्ड भाटापारा से 850 रुपए मूल्य के सामान जब्त किए गए। मो.रफिक़ पिता हाजी रजक मुसलमान उम्र 53 साल निवासी सदर वार्ड भाटापारा से 2380 रुपए के कीमती सामान जब्त किए गए। तौफ़िक़ अलि पिता अनवर अलि उम्र 34 साल निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा से 29470 रुपए के सामान जब्त किए गए। हरिश कुमार पिता राम कुमार बंजारे उम्र 30 साल निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा से 21400 रुपए के कीमती सामान जब्त किए। इसी प्रकार हरिराम पिता रिखदेव यादव उम्र 60 वर्ष निवासी नाका नंबर एक के पास स्थाई पता ग्राम भितरी पोस्ट मेमोनी थाना कप्तान गंज जिला आजमगढ़ ग्राम पेंड्री का कबाडी संचालक से 1,50000 रुपए के कीमती सामान जब्त किए। रामकुमार पिता सुखेलाल बंजारे उम्र 60 वर्ष निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा ग्राम तरेंगा का कबाडी संचालक से 1,41,000 के कीमती सामान जब्त किए गए। मोहम्मद कदीम शेख पिता मोहम्मद हनीफ उम्र 30 वर्ष निवासी आजाद चौक सिमगा थाना सिमगा से 3300 रुपए के सामान जब्त किए गए। पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना कर रही है।

# चुनाव में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने प्रमुख मार्गों पर चलाया सघन चेकिंग अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 अप्रैल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए, असामाजिक एवं अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। साथ ही जुआ, सट्टा, अवैध रूप से शराब बिक्री जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर लगातार छापामार अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वाले लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में कल 18 व 19 अप्रैल की रात्रि 11:00 बजे से लेकर रात्रि 02:00 तक जिले के सभी प्रमुख सड़क मार्गों में एमसीपी लगाकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों की उपस्थिति में



सडक मार्ग से गुजरने वाली प्रत्येक मोटरसाइकिल, चारपहिया वाहन एवं भारी वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान वाहन चालकों से पूछताछ कर, वाहन के अंदर रखे हुए सामान एवं उनके कागजात आदि का सुक्ष्म निरीक्षण किया गया। साथ ही उनसे रात्रि के समय यात्रा करने के प्रयोजन के बारे में भी जानकारी ली गई। अभियान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर द्वारा थाना भाटापारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत लगाए गए एमसीपी पाईंट में स्वयं उपस्थित होकर अभियान में लगे पुलिस बल को चेकिंग कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के शांतिपूर्ण निष्पादन हेतु इस प्रकार सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी अथवा कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका को पूरी तरीके से समाप्त किया जा सके।

### ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

**कोरबा, 20 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के मतदान हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत ग्राम दोंदरो में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली बनाई गई। इसके साथ ही महिलाओं के द्वारा सामूहिक मतदान शपथ ली गई तथा गांव में मतदान जागरूकता रैली निकालकर मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत कर्रानवापारा में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करके मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया गया।

## समाचार संक्षेप

### ईवीएम-वीवीपैट की कमिशनिंग के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**बलौदाबाजार, 20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत ईवीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों के कमीशनिंग के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सेक्टर ऑफिसर, कमीशनिंग प्रभारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर चौहान ने कहा कि सभी गंभीर एवं ध्यान से प्रशिक्षण लें ताकि निर्वाचन में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशो का भली भांति जानकारी हो। अपनी जिम्मेदारियों का सावधानीपूर्वक निर्वहन करें।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा ईव्हीएम व व्हीव्हीपैट मशीनों की कमीशनिंग की आवश्यकता के साथ ही अधिकारियों को उनके दायित्व और जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया। बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्हीव्हीपैट के सुव्यवस्थित संचालन हेतु प्रत्येक यूनिट को एक दूसरे से केबल कनेक्शन, एड्रेस टैग लगाना, पेपर रोल, मतदान लरपत्र लगाना, कंट्रोल यूनिट सील करना, पेपर सील करना, मॉक पोल सहित अन्य गतिविधियों का विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम एवं व्हीव्हीपैट की तकनीकी पक्षो की प्रोजेक्टर के माध्यम से पूरी जानकारी दी गई। ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट की तकनीकी जानकारियों में दक्ष रहने कहा गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर. दुबे सहित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर ऑफिसर एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### सीमेंट संयंत्र के मजदूरों ने कार्यस्थल पर शपथ लेकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को किया प्रेरित



**बलौदाबाजार, 20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले में स्थित विभिन्न सीमेंट संयंत्रों के मजदूरों द्वारा कार्यस्थल में ही शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लेकर आम लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इसके तहत सीमेंट प्लांट खपराडीह, न्यू विस्टा रिसदा, आडानी सीमेंट रवान, अल्ट्राटेक रावन एवं हिरमी सहित न्यूको सीमेंट प्लांट सोनाडीह के मजदूरों द्वारा शपथ लेकर लोगों शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। इसके साथ ही एपीएल अपोलो कामता मजदूरों द्वारा भी शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लिया गया। कार्यक्रम के दौरान सीमेंट प्लांट से तकनीशियन, सुपरवाईजर, ट्रांसपोर्टर, मजदूर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गौरतलब है की स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाई गई है। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक मतदान का प्रतिशत जिले में बढ़ सके।

## 2024 के लोकसभा चुनाव मे बीजेपी प्रत्याशियों को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएं

# कांग्रेस डूबता जहाज, हार के डर से कर रहे अनर्गल बयानबाजी : बृजमोहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 20 अप्रैल।** गोविंद सारंग परिसर भाजपा कार्यालय मे रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के उपस्थिति मे प्रेस वार्ता आयोजित किया गया जिसमे पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुये भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की 2024 के लोकसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे 400 से अधिक सीटें हासिल कर पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है, वही प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने पत्रकारों के सवालों के जवाब मे कहा की जिस क्षेत्र मे भी चुनाव प्रचार प्रसार के लिये मतदाताओं के बीच पहुंच रहे है वहां की 80 प्रतिशत मतदाताओं का मोदी सरकार के द्वारा



चलाये गये अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से मिल वाले अनेक लाभ से सकरात्मक रुझान जनता के बीच देखने को मिल रहा है, उन्होंने मोदी की गारंटी योजना के अनेक लाभों की भी गिनाया जिसमे मुख्य रुप से धारा 370 का हटना, आयोध्या मे रामलला का स्थापना, महत्तारी वंदन योजना, आवास योजना, नल जल योजना, उज्जवला गैस योजना, किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, आदि अनेक की गारंटी योजना क्रियन्वित जिसका लाभ आम जनता को भरपुर मिला है व आने वाले समय मे भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार बनते ही अनेक ऐतिहासिक कार्य जनता व देश हित मे करने को भाजपा की मोदी सरकार दृढसंकल्पित है। बृजमोहन अग्रवाल आगे कहा की कांग्रेसी सत्ता के हार के डर से अनर्गल बयानबाजी पर उतर आये है जो राजनीतिक गरिमा के मर्यादा को लांघती है जिससे जनता मे बहुत रोश है। आज के वर्तमान राजनीतिक परिवेश मे कांग्रेस एक डूबता जहाज दिखाई दे रही है जिस वजह से वहां भगदड़ मचा हुआ है और इसी कारण उसी जहाज मे बैठे लोग कांग्रेस पार्टी को छोड सीधे भाजपा मे प्रवेश कर रहे है लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा रायपुर लोकसभा भाजपा का गढ है यहां पर लगातार 8 बार से भाजपा के प्रत्याशी ही विजय होते आये है परंतु इस बार के लोकसभा प्रत्याशी के विजयी होने के साथ साथ पिछले 23 सालों के मतों के जीत के रिकार्ड को तोडते हुये रायपुर लोकसभा वासी ऐतिहासिक जनमत देकर जीत का जनादेश देंगे इसका मुझे पूर्ण विश्वास है।

### भाटापारा का विकास भाजपा की देन: शिवरतन

गौरतलब है भाटापारा के पावन धरा मे कदम रखने पर भाटापारा क्षेत्रवासियों के लिये जितकर आने पर दिये जाने वाले सौगातों की रणनीति के सवालों के जवाब मे कहा गया की भाटापारा मे जितने भी ऐतिहासिक जनकल्याणकारी कार्य हुये वहां भाजपा के सरकार मे ही हुआ भाटापारा शाखा नहर, प्रदेश का प्रथम विधि महाविद्यालय, सत्र न्यायालय निर्माण, बायपास रोड निर्माण, औवर ब्रीज व अन्डर ब्रीज निर्माण, निर्माणाधीन कार्टिकल हास्पिटल, आटोरियम, कृषि महाविद्यालय, आदि अनेक जनकल्याणकारी कार्य है जो भाजपा शासनकाल मे हुआ है, आने वाले समय मे डबल इंजन के सरकार होने पर केन्द्र व राज्य स्तर पर भाटापारा व रायपुर लोकसभा क्षेत्रांतर्गत विकास कराया जाना निर्धारित है साथ ही भाटापारा मे लम्बे समय से लम्बित प्रमुख एक्सप्रेस सुपरफास्ट यात्री ट्रेनों के स्टापेज के लिये पहल किया जायेगा वही भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने आगे कहा क्षेत्र के विकास के दृष्टिकोण से हमे डबल इंजन की सरकार बैठाने हेतु भाजपा के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को ऐतिहासिक मतों से विजय बनाने हेतु पार्टी के सभी कार्यकर्ता दृढसंकल्पित है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक/ 202404210200024/ अ/2 वर्ष 2023-24
ग्राम-ढाबाडीह पहनं. 12
तहसील-बलौदाबाजार
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

सर्वसाधारण जनता ग्राम ढाबाडीह पहनं. 12 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक इन्द्रजीत सिंग पिता दलबीर सिंग निवासी भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम ढाबाडीह प.ह.नं. 12 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं. 194/3 शामिल 195/3 रकबा 0.405 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन (पेट्रोल पंप) के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन (पेट्रोल पंप) हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तियां यदि कोई हो तो वे दिनांक 10/05/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 04/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बलौदाबाजार

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ..... अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम केसदा प.ह.नं. 19

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक ऋषिदेव पिता प्रभुनाथ सिंह निवासी मकान नंबर 3/86 हिल न्यू मेन बी.सी. कालेज के पास आसनमोल वर्धमान (पं. बंगाल) कास्तकार ग्राम केसदा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 1439, 1441, 1453, 2011/25, 2016, 2017 रकबा क्रमशः 0.2500, 0.5500, 0.1100, 0.0200, 0.4300, 0.1500 हे. कुल खसरा नं. 06 कुल रकबा 1.5100 हे. उनके शामिल खाता में आवेदक ऋषिदेव वो आकाश कुमार पिता प्रभुनाथ सिंह के नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन (गोडाउन) हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, खसरा एवं बैनामा की छायाप्रति तथा ले-आऊट की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन (गोडाउन) हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 26/04/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

# रायपुर सहित सात लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्रों की संवीक्षा

## आय, जाति प्रमाण पत्र, संपत्ति एवं आपराधिक मामलों की जानकारी की जांच

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 20 अप्रैल।** सात लोकसभा क्षेत्रों में आज जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। इसमें जाति प्रमाण पत्र, फोटो, आपराधिक पृष्ठभूमि एवं संपत्ति के विवरण की सूक्ष्मतापूर्वक जांच की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार तीसरे चरण में सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग तथा रायपुर में अभ्यर्थियों के नामांकन पत्रों की जांच की गई। इसमें संपत्ति की देनदारियों को लेकर संलग्न शपथ पत्र की भी जांच की गई। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं सामान्य प्रेक्षक उपस्थित थे। रायपुर लोकसभा से ही सर्वाधिक अभ्यर्थियों ने नामांकन भरा है। नामांकन पत्रों की वापसी 22 अप्रैल तथा मतदान की तिथि 7 मई है। कोरबा में भाजपा की सरोज पांडेय का मुकाबला कांग्रेस की ज्योत्सना महंत से है। दोनो प्रत्याशियों ने विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर लिया है। रायगढ़ में भाजपा के हृदयराम राठिया को जिताने के लिए मुख्यमंत्री ने कमान संभाल ली है। सारंगढ़ राजपरिवार से संबंध रखने वाली डॉ. मेनका सिंह पूर्व में भी विधानसभा चुनाव हार चुकी है। भाजपा प्रत्याशी राठिया के करीब पौने दो लाख से अधिक वोटों से जीतने का अनुमान है। अंबिकापुर में चिंतामणि महाराज एवं कांग्रेस की कुमारी शशि सिंह के बीच मुकाबला है। यहां पर संगठन काफी सक्रिय हो गया है। चांपा जांजगीर में भाजपा की कमलेश जांगड़े और कांग्रेस के शिव डहरिया के बीच मुकाबला है। चांपा-जांजगीर के चांपा में कांग्रेस के व्यास कश्यप, पामगढ़ तथा जैजैपुर एवं सक्ती में भी कांग्रेस विधायक हैं। यहां कांग्रेस के शिव डहरिया को जीत का भरोसा है। बिलाईगढ़ में भी कांग्रेस की विधायक है।




■ कलेक्टर सहित सामान्य प्रेक्षक रहे उपस्थित

### बृजमोहन का प्रचार-प्रसार तेज



भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के वालराइटिंग के पश्चात अब पोस्टर-बैनर टंगने शुरू हो गए हैं। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है। राज्य सरकार की गारंटी एवं मोदी सरकार के कार्यक्रम के प्रचार के लिए एलईडी वाहन पहुंच गए हैं। बृजमोहन अग्रवाल को जिताने के लिए संगठन सक्रिय हो गया है। आरएसएस के कार्यकर्ता भी लामबद्ध हो गए हैं। लोकसभा रायपुर के अंतर्गत नौ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। बृजमोहन का एक चक्र जनसम्पर्क हो चुका है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा विधायकों का कब्जा है। सिर्फ भाटापारा को छोड़कर। भाटापारा में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा चुनाव कमान संभाले हुए है। कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय का भी चुनाव प्रचार जोर-शोर से चल रहा है। महिलाओं को दी जाने वाली गारंटी को लेकर अब सियासी घमासान शुरू हो गया है। भाजपा की महतारी वंदन योजना काफी लोकप्रिय साबित हुई है। इसके एवज में कांग्रेस ने भी महिलाओं को प्रतिमाह राशि देने का वायदा किया है इसलिए के लिए फॉर्म भरा जा रहा है इसको लेकर सियासी जंग तेज हो गई है।

## एक नजर

### बस्तर जगदलपुर में एम्स खोलने की मांग

**रायपुर, 20 अप्रैल।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि बस्तर क्षेत्र आजादी के बाद बहुत ही बड़ी बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है आज तक वहां रेल लाईन नहीं बनी वहां के आदिवासियों को बहुत ही महंगा किराया देकर बसों से सफर करना पड़ता है। स्वास्थ्य संबंधी सुविधायें भी नहीं है बस्तर के लोगों को इलाज के लिए साउथ के विशाखापटनम या हैदराबाद में बेहतर इलाज के लिए जाना पड़ता है अभी हाल ही में एक आदिवासी परिवार के बुजुर्ग को जगदलपुर के अस्पताल वालों ने विशाखापटनम रेफर किया उस परिवार के बुजुर्ग को विशाखापटनम के अस्पताल वालों ने 20 दिन वेन्टीलेटर में रखकर 20 लाख रकम ले लिये और उसका स्वर्गवास हो गया इस प्रकार बस्तर के आदिवासी छले जा रहे है। अतः प्रधानमंत्री से प्रार्थना है कि बस्तर में शीघ्र एम्स अस्पताल की घोषणा की जाये ताकि बस्तर के लोगों का सस्ता ईलाज सुलभ हो सकें। आशा है आप बस्तर जैसे सुदूर इलाके के लिए यह कार्य शीघ्र एवं अवश्य करेगें। उन्होंने इसकी प्रतिलिपि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भेजी है।

### शराब दुकान के पास खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 20 अप्रैल।** गंजपारा शराब दुकान के पास खड़ी एक्टिवा वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लक्ष्मण निषाद 28 वर्ष गंजपारा पानी टंकी के पास रहता है। प्रार्थी अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलई 9036 से गंजपारा स्थित शराब दुकान गया था। जहां अज्ञात चोर ने उसकी एक्टिवा वाहन को पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### बिजली ट्रांसफार्मर में लगी आग

**रायपुर, 20 अप्रैल।** गणपति इस्पात उरला के परिसर में लगे बिजली ट्रासफॉर्मर में आग लग गई थी। फायर ब्रिगेट द्वारा मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पा लिया गया है। बता दें कि रायपुर में लगातार आगजनी की घटना सामने आ रही है। वही बीते कल यानि गुरुवार को शाम 7 बजे रायपुर सीएमएचओ दफ्तर के बाहर भी आग लग गई थी। स्थानीय लोगों ने दमकल को सूचना देकर बुलाया था। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। वही कोटा श्मशान घाट में गुरुवार रात भीषण आग गई। श्मशान घाट प्रबंधक ने बोर के माध्यम से आग पर काबू पा लिया है। कुछ देर बाद फायर बिग्रेड की टीम सूचना मिलने पर पहुंची और आग पर पूरी तरह से काबू पाया।

# पहले चरण में तो भाजपा का सफाया : बैज

**रायपुर, 20 अप्रैल।** पहले चरण के मतदान के बाद कांग्रेस ने दावा किया कि बस्तर में कांग्रेस के पक्ष में मतदान हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बस्तर सहित छत्तीसगढ़ की सभी लोकसभा सीटो को कांग्रेस पार्टी जीतेगी। बस्तर की जनता ने साफ संकेत दिया है कि देश में बदलाव की हवा चल रही है। छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में भाजपा और मोदी सरकार के खिलाफ जबरदस्त जनाक्रोश है जो बस्तर के मतदान केन्द्रों पर साफदिख रहा था। देश की जनता ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जुमलेबाजी के खिलाफमतदान किया है। आज प्रथम चरण के जिन 102 सीटों पर मतदान हुई है उनमें इंडिया गठबंधन 70 प्रतिशत सीटों पर जीतेगी।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन करने को जनमानस तैयार बैठा है। चार महीने पहले छत्तीसगढ़ में झूठे वादे करके सरकार बनी और चार महिने में ही लोगो को लग नहीं रहा है कि छत्तीसगढ़ में कोई सरकार भी है। इसीलिये पूरे देश में और प्रदेश में लोग बदलाव चाहते है। 10 सालों से जो सरकार दिल्ली में बैठी है सिर्फ भाषण देना, जुलमें देना, लोगो को बरगलाना आपस में लड़वाना, हिन्दु और मुस्लमान को लड़वाना, आदिवासी को लड़वाना, मंदिर और मस्जिदो की राजनीति करना, किसानों के साथ शोषण करना और नौजवानों को बेरोजगार रखना जो देश में संपत्ति थी चंद लोगो के हाथ में देने का काम किया। छत्तीसगढ़ और देश में लोग कांग्रेस और इंडिया एलाईंस को जिताना चाहते है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा चुनाव के पहले जनता को ठगने के लिये चुनावी वायदे करती है तथा चुनाव जीतने के बाद उसको जुमला बता देती है। यह भाजपा का असली चरित्र है। 2014 में भी मोदी ने देश की जनता से 100 दिन में महंगाई कम करने का वायदा किया था। हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की वादा किया था। हर नागरिक के खाते में 15 लाख आने का वादा किया था। किसानों की आय दुगुनी करने का भी वादा था लेकिन 10 साल सरकार बनाने के बाद भी कोई वादा पूरा नहीं हुआ। अब छत्तीसगढ़ की जनता को ठगने के लिये नये जुमले फेंक कर मोदी की गारंटी बता दिया। लेकिन जनता भाजपा और मोदी दोनो के चरित्र को समझ चुकी है। राज्य में भाजपा बुरी तरह चुनाव हार रही है।

### लाखों रुपए का माल लेकर चालक फरार

**रायपुर, 20 अप्रैल।** एसकेएस इस्पात प्राइवेट लिमिटेड सिलतरा से दो ट्रक लाखों रुपए का माल लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आकाश अग्रवाल 20 वर्ष पंचधाम मंदिर के पास टाटीबंध का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि सिलतरा के एसकेएस इस्पात प्राइवेट लिमिटेड से ट्रक क्रमांक पीबी 06 एजी 1414 के चालक व अन्य तीन लोगों ने 2 ट्रक में लोहे का सरिया 90.9 टन कीमती 54,96,096 लाख रूपये का माल को लोड कर रवाना हुआ था जो गंतव्य स्थान पर ना पहुंचाकर अमानत में ख्यानत किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 407,34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# मोदी-योगी चुनावी हुंकार भरने आएंगे छत्तीसगढ़





■ कांग्रेस की प्रियंका गांधी और खरगे की होगी चुनावी सभाएं

■ गर्मी के साथ ही बढ़ रहा सियासी पारा

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 20 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव में सभी 11 सीटों पर जीत के लिए नरेन्द्र मोदी और अमित शाह चुनावी हुंकार भरने के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में इनके चुनाव कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मोदी व योगी के चुनावी सभा के साथ ही यहां पर चुनावी माहौल और गरमा जाएगा। भाजपा के प्रचार-प्रसार प्रमुख के अनुसार राज्य में तीन चरणों में चुनाव हो रहे हैं। पहला चरण समाप्त हो चुका है। दूसरे चरण में राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर में मतदान 26 अप्रैल को होगा। भाजपा ने योगी आदित्यनाथ की चुनाव सभाएं शुरू करने की तैयारी कर ली है। हिन्दू शेर के नाम से जाने जाने वाले योगी आदित्यनाथ उप्र के मुख्यमंत्री हैं। इनकी चुनावी सभाओं की जबरदस्त डिमांड को देखते हुए राजनांदगांव, कोरबा तथा बिलासपुर के बेलतरा में आयोजित की जा रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 22 अप्रैल को कांकेर में तथा भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 अप्रैल को लोरमी, आरंग व भिलाई दुर्ग में चुनावी सभा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए छत्तीसगढ़ प्रवास पर आने वाले हैं। उनकी चुनावी सभाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा सक्ती, चांपा जांजगीर तथा धमतरी में 23 अप्रैल को रखी गई है। वे अंबिकापुर में 24 अप्रैल को एक चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की चुनावी सभाओं को देखते हुए सभी नेता सक्रिय हो गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनावी सभाओं को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। चांपा-जांजगीर में नारायण चंदेल एवं अन्य नेता सक्रिय हैं।

### कांग्रेस के भी वरिष्ठ नेता आएंगे





कांग्रेस का चुनाव प्रचार करने के लिए प्रियंका गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की चुनावी सभाएं अलग-अलग स्थानों पर रखी गई है। प्रियंका गांधी राजनांदगांव के खुज्जी क्षेत्र में एक आमसभा को संबोधित करेंगी। द्वितीय चरण में राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर में चुनाव होने हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का समय भी निर्धारित कर दिया गया है। द्वितीय चरण में 458 मतदान केंद्र हैं। द्वितीय चरण के लिए दिव्यांगों एवं 85 वर्ष ऊपर के आयुवर्ग के मतदाताओं से होम वोटिंग तथा पोस्टल वोटिंग से मतदान कराया जा रहा है। द्वितीय चरण में अवैध नकदी सहित महंगी वस्तुओं की भी जब्ती की जा रही है। इसके अलावा ईवीएम वीवीपैट का परिवहन शुरू कर दिया गया है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26